Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

माँ कूष्मांडा

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 265 | शुक्रवार, 26 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## संयुक्त राष्ट्र में जमकर बरसे में एस जयशंकर

# 'आतंकवाद विकास के लिए लगातार खतरा, ऐसे नहीं आएगी शांति'

**संयुक्त राष्ट्र।**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि आतंकवाद विकास के लिए एक लगातार खतरा बना हुआ है। लिहाजा दुनिया को आतंकी गतिविधियों के प्रति न तो सहिष्णुता दिखानी चाहिए और न ही उन्हें सहयोग देना चाहिए। जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि जो लोग किसी भी मोर्चे पर आतंकियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हैं, वे समग्र रूप से अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बड़ी सेवा करते हैं। अमेरिका का उल्लेख किए बिना उन्होंने दोहरे मानदंडों की निंदा की। अंतरराष्ट्रीय शांति और वैश्विक विकास के बीच संबंध पर जयशंकर ने कहा कि हाल के दिनों में दोनों में एक साथ गिरावट आई है। कहा, शांति निश्चित रूप से विकास को संभव कर सकती है, लेकिन विकास को खतरे में डालकर हम शांति को संभव नहीं बना सकते। आर्थिक रूप से नाजुक हालात में ऊर्जा व अन्य जरूरी चीजों को और अनिश्चित बनाने से किसी को कोई फायदा नहीं होगा। इसलिए, समाधान यही है कि बातचीत और कूटनीति का रुख किया जाए, न कि विपरीत दिशा में और जटिलताओं की ओर। आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आज की बदलती दुनिया को ग्लोबल वर्कफोर्स की जरूरत है। विभिन्न देश इस हकीकत को नकार नहीं सकते कि राष्ट्रीय जनसांख्यिकी के कारण कई देशों में ग्लोबल वर्कफोर्स की मांग पूरी नहीं हो पाती। उनकी यह टिप्पणी व्यापार और टैरिफ चुनौतियों के साथ-साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इमिग्रेशन पर सख्त रुख के बीच आई है, जिसमें एच-1बी वीजा पर 1,00,000 डॉलर का नया शुल्क शामिल है।

> इससे मुख्य रूप से भारतीय पेशेवर प्रभावित होंगे क्योंकि इस वीजा के अधिकांश लाभार्थी भारतीय होते हैं। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया आपूर्ति श्रृंखलाओं और उत्पादन के स्त्रोतों को लेकर चिंतित थी। लेकिन अब हमें बाजार तक पहुंच की अनिश्चितता से भी खुद को बचाना होगा।

## बंगाल में ऑपरेशन सिंदूर की थीम वाला दुर्गा पूजा पंडाल हटाया गया

**कोलकाता।**



बंगाल में प्रशासन के दबाव में एक पूजा आयोजक को ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर बने दुर्गा पूजा मंडप को बीच में ही खोलना पड़ा है। पूजा पंडाल की थीम ऑपरेशन सिंदूर रखने को लेकर प्रशासन ने आपत्ति जताई थी। यह मामला दक्षिण 24 परगना के सागरद्वीप स्थित चकफुलदुबी बाजार की सार्वजनिन दुर्गोत्सव समिति की है। इस घटनाक्रम के बाद नाराज उक्त पूजा समिति ने राज्य सरकार की तरफ से दुर्गा पूजा के लिए मिलने वाला वार्षिक सरकारी अनुदान वापस करने का फैसला किया है। राज्य सरकार की तरफ से इस बार राज्यभर की प्रत्येक दुर्गा पूजा कमेटी को 1.10 लाख रुपये की अनुदान राशि दी गई है। इस घटना पर केंद्रीय मंत्री व भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि प्रशासन यह तय नहीं कर सकता कि दुर्गा पंडाल की थीम क्या होगी। ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना के पराक्रम का प्रतीक है। इसका विरोध करने वाले प्रशासन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। थाने से बार-बार संपर्क करने की कोशिश के बावजूद इस पर कोई जवाब नहीं दिया गया।

## बंगाल में सांप को भी पसंद है माछ-भात! सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

**नई दिल्ली।** कोलकाता में गत मंगलवार को रिकॉर्ड तोड़ बारिश से हुए भारी जलजमाव को लेकर सैकड़ों वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हुए हैं। अब जलजमाव के समय का एक दिलचस्प वीडियो बहुप्रसारित हो रहा है, जिसमें बारिश के पानी में एक सांप को मुंह में मछली दबोचे तैरते देखा जा रहा है। इसे देखकर इंटरनेट यूजर तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- 'हम बंगाल के लोगों की तरह सांप को भी माछ-भात (मछली-उबला चावल) पसंद है। एक अन्य यूजर ने लिखा- 'बंगाली व उनका मछली प्रेम अब अन्य प्राणियों में भी देखने को मिल रहा है।

## देश के अंदर ट्रेन से सामान भेजना सबसे सस्ता भारत की लॉजिस्टिक लागत में आई कमी

**नई दिल्ली।**

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की लाजिस्टिक लागत जीडीपी का 7.97 प्रतिशत दर्ज की गई। इससे पूर्व के वित्त वर्ष में देश की लॉजिस्टिक लागत जीडीपी का 8.89 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की कुल लॉजिस्टिक लागत 24.01 लाख करोड़ बताई गई। रिपोर्ट के मुताबिक सामान भेजने के लिए सबसे सस्ता समुद्र मार्ग तो सबसे महंगा सड़क मार्ग है। सड़क मार्ग से एक टन सामान को एक किलोमीटर भेजने की लागत 3.78 रुपये आती है जबकि समुद्र मार्ग पर यह लागत 1.80 रुपये आती है। हालांकि आंतरिक जल मार्ग से एक टन सामान एक किलोमीटर भेजने पर 3.30 रुपये की लागत आती है और इस प्रकार जलमार्ग की औसत लागत प्रति टन प्रति किलोमीटर 2.30 रुपये आती है। इस हिसाब से देखा जाए तो देश के अंदर रेल से सामान भेजने की लागत सबसे कम 1.96 रुपये प्रति टन प्रति किलोमीटर है।



## सोनम वांगचुक पर केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन, विदेश से फंडिंग लेने वाला लाइसेंस रद



**नई दिल्ली।**

सरकार ने लद्दाख कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गैर-लाभकारी संस्था का एफसीआरए पंजीकरण रद कर दिया है। आरोप है कि एनजीओ के लिए विदेशी फंडिंग से संबंधित कानून का 'बार-बार' उल्लंघन किया गया। यह रद्दीकरण वांगचुक के नेतृत्व में केंद्र शासित प्रदेश में राज्य के दर्जे की मांग को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के 24 घंटे बाद हुआ है। इससे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने वांगचुक के स्थापित संस्थानों से जुड़े विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने कहा, ₹सोनम वांगचुक की ओर से एफसीआरए उल्लंघन की जांच प्रारंभिक जांच के तौर पर कुछ समय से चल रही है, लेकिन इस मामले में अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर सोनम वांगचुक पर युवाओं को हिंसा के लिए भड़काने का आरोप लगाया, जबकि उन्होंने खुद 24 सितंबर को अपना अनशन तोड़ने का फैसला किया था।

## सरकार ने सेना में स्थायी कमीशन नीति का किया बचाव, कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को शार्ट सर्विस कमीशन (एससीसी) की महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने की अपनी नीति का बचाव किया और कहा कि इस पहलू पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का बिना किसी भेदभाव के पालन किया जा रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सेना के 84 अधिकारियों के एक बैच पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अधिकारियों ने कमीशन देने की अनुमति देने से इन्कार करने को चुनौती दी है। केंद्र और सेना की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी कि बबीता पुनिया मामले में 2020 के फैसले और नितिशा मामले में 2021 के फैसले ने वास्तव में इस नीति को बरकरार रखा है और जो भी खामियां अभी भी थीं और अदालत द्वारा बताई गई थीं, उन्हें अंततः ठीक कर दिया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि सेना ने स्थायी कमीशन पर अपनी नीति में सुधार कर लिया है और नितिशा मामले में फैसले के बाद जो भी खामियां थीं, उन्हें दूर कर दिया गया है।

## 62 हजार करोड़ की मेगा डिफेंस डील हुई फाइनल

# वायुसेना को 97 तेजस लड़ाकू विमानों का बूस्टर डोज

**नई दिल्ली।**



### मिग-21 विमानों की जगह लेगा तेजस

इन विमानों की डिलीवरी 2027-28 से शुरू होगी। यह सिंगल-इंजन जेट भारतीय वायुसेना के पुराने पड़ चुके मिग-21 विमानों की जगह लेगा। वायुसेना के पास वर्तमान में केवल 31 स्क्वाड्रन बचे हैं, जबकि अधिकृत संख्या 42 स्क्वाड्रन की है।

केंद्र सरकार वायुसेना को 97 तेजस लड़ाकू विमानों का बूस्टर डोज देने जा रही है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 62,370 करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के तहत वायुसेना के लिए 97 तेजस हल्के लड़ाकू विमान खरीदे जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट सुरक्षा समिति द्वारा इस बड़े सौदे को मंजूरी दिए जाने के एक महीने बाद यह अनुबंध हुआ है। यह सरकारी क्षेत्र की एयरोस्पेस कंपनी को दिया गया दूसरा ऐसा अनुबंध है। फरवरी 2021 में रक्षा मंत्रालय ने 83 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का समझौता किया था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि तेजस एमके-1ए विमानों में 'स्वयम रक्षा कवच' और आधुनिक कंट्रोल एक्ट्यूएटर्स जैसे एडवांस फीचर होंगे। इनमें 64 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी पुर्जे होंगे और 67 नए स्वदेशी आइटम शामिल होंगे। ऐसे में तेजस की एंट्री वायुसेना के लिए गेमचेंजर साबित हो सकती है। इस सौदे को भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। तेजस न केवल वायुसेना की ताकत बढ़ाएगा, बल्कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी गति देगा।

## 'सिर्फ विकास योजनाएं ही नहीं बनाएं': अमित शाह

**नई दिल्ली।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भारतीय बैंकों को केवल विकास की योजना ही नहीं बनानी चाहिए, बल्कि दुनिया के शीर्ष 10 में शामिल होने का लक्ष्य रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। संविधान तीन प्रकार की समावेशिता की बात करता है, जो राजनीतिक, सामाजिक और वित्तीय समावेशिता हैं। एक मीडिया हाउस के पुरस्कार समारोह में अमित शाह ने कहा, मैं हमारे भारतीय बैंकों से कहना चाहता हूं कि उन्हें केवल विकास की योजना नहीं बनानी चाहिए। हमारे बैंक शीर्ष दस में होने चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का समर्थन देश की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने याद दिलाया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी ग्रुप और टारेंट ग्रुप जैसे दिग्गज भी किसी समय एमएसएमई थे। शाह ने कहा कि यदि इन समूहों को कोई ऋण नहीं दिया गया होता, तो भारत में इतने सारे औद्योगिक घराने नहीं होते। 'शाह ने कहा, जब दुनिया कठिनाइयों का सामना कर रही है, ध्रुवीकरण हो रहा है और लोग नेतृत्व में विश्वास खो रहे हैं, भारत में स्थिरता, विश्वसनीय नेतृत्व और मजबूत अर्थव्यवस्था है।

## 'आइ लव मोहम्मद' अभियान का विरोध करने पर हिंदू बहुल गांव में तोड़फोड़ और आगजनी, 60 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।**

इंटरनेट मीडिया पर चल रहे 'आइ लव मोहम्मद' अभियान का एक हिंदू व्यक्ति द्वारा विरोध करना भारी पड़ गया। इसकी प्रतिक्रिया में किए गए पोस्ट से अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भड़क गए। इस समुदाय के दर्जनों लोगों ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर जिले के बहियाल गांव के हिंदू बहुल क्षेत्र में बुधवार रात तोड़फोड़, आगजनी और पथराव किया। वाहनों और दुकानों को नुकसान पहुंचाया। इस मामले में पुलिस ने लगभग 60 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। देश के कई राज्यों में 'आइ लव मोहम्मद' का विवाद जोर पकड़ रहा है। पुलिस अधीक्षक रवि तेजा ने बताया कि बहियाल गांव में हिंदू युवक ने इंटरनेट मीडिया पर प्रतिक्रिया स्वरूप एक पोस्ट कर दिया था। बुधवार रात्रि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करते हुए चार दुकानों सहित लगभग छह वाहनों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बल का प्रयोग किया। उसने भीड़ को तितर-बितर कर दिया। सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष जैन ने बताया कि अब वहां शांति है। तोड़फोड़ और आगजनी करने वाले 60 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पीटीआई के अनुसार, समाजवादी पार्टी के नेता अबू आसिम आजमी ने कहा कि इस तरह के पोस्टर लगाना गलत नहीं है। ईद के दौरान इस तरह के पोस्टर लगाना सामान्य बात है।



## संपादक की कलम से

# लद्दाख कितना जेन जी

लेह-लद्दाख जैसे शांत और शीतल क्षेत्र में अचानक आगजनी, पत्थरबाजी, सरकारी वाहनों का दहन और उत्तेजित-भडकाऊ नारे! अचानक यह हिंसक माहौल देख-सुन कर देश चौकन्ना हो गया होगा! लद्दाख 2250 मीटर से 7742 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ऐसा क्षेत्र है, जहां रूहानियत और सुकून बसते हैं। यह सीमावर्ती क्षेत्र भी है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास भारत और चीन के हजारों सशस्त्र सैनिक, कुछ समय पहले तक, तैनात थे। अब सेनाएं काफी पीछे हट चुकी हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता के दौर जारी हैं। पहले तो युद्ध-सा माहौल था।



ललित शर्मा
संपादक

लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देख कर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंट और नेपाल के जेन जी विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भडक सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है! लद्दाख को केंद्रशासित क्षेत्र का दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया था, अलबत्ता यह क्षेत्र दशकों से जम्मू-कश्मीर की छाया तले अपने स्वतंत्र अस्तित्व के विकास और विस्तार के लिए तरस रहा था। 2019 के बाद अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों ही केंद्रशासित क्षेत्र हैं। आंदोलन हिंसक क्यों हुआ, जिसमें 4-5 मौतें हो गईं और 70 से अधिक लोग घायल हो गए? प्रशासन को कर्फ्यू लगाना पड़ा, इंटरनेट की सप्लाई रोकनी पड़ी और 4 या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी चस्पां करनी पड़ी। अर्थात लेह-लद्दाख में अब रैलियों, विरोध-प्रदर्शनों और जलसे-जुलूस पर फिलहाल पाबंदी है। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े, लाठियां भांजनी पड़ी और प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय भाजपा दफ्तर को फूंक दिया। भाजपा नेतृत्व ने इस हिंसक आयोजन के पीछे स्थानीय कांग्रेस पार्षद की साजिश का आरोप लगाया है।

## चौथा नवरात्रा

# मां कूष्मांडा को मालपुआ का लगाएं भोग, अर्पित करें बेला का फूल

*नवरात्र के चौथे दिन माता कूष्मांडा की पूजा की जाती है। उनकी पूजा से स्वास्थ्य, शक्ति और समृद्धि मिलती है। साथ ही कार्यों में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। मनोकामनाएं पूरी होती हैं। आध्यात्मिक गुरु पंडित कमला पति त्रिपाठी प्रमोद कहते हैं मां कूष्मांडा को मालपुआ विशेष प्रिय है। देवी पुराण के इसका उल्लेख है कि उन्हें भोग में मालपुआ चढ़ाया जाता है।*



### मां कूष्मांडा की पूजा विधि

स्नान और पवित्रता : सबसे पहले स्नान करें और पवित्र वस्त्र धारण करें। व्रत का संकल्प लें।
मां कूष्मांडा की पूजा : मां कूष्मांडा की मूर्ति या चित्र को स्थापित करें और उनकी पूजा करें।
पुष्प और अक्षत : मां कूष्मांडा को बेला का फूल और अक्षत अर्पित करें।
दीप और धूप : दीप और धूप जलाएं और मां कूष्मांडा की आरती करें।
भोग : मां को मालपुआ, पेठा, दही या हलवे का भोग लगाएं।

### मां कूष्मांडा मंत्र

मां कूष्मांडा के मंत्र ₹ॐ ऐं क्लीं कूष्मांडायै नम :₹ और या देवी सर्वभूतेषु मां कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम : मंत्र का जप करें। ₹ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कूष्मांडायै नम :₹ का 108 बार जाप करने से देवी की कृपा शीघ्र प्राप्त होती है और बाधाएं दूर होती हैं।

### पूजा का लाभ

स्वास्थ्य लाभ : मां कूष्मांडा की पूजा से भक्तों को स्वास्थ्य लाभ होता है और रोगों से मुक्ति मिलती है।
समृद्धि और धन : मां कूष्मांडा की पूजा से भक्तों को समृद्धि और धन की प्राप्ति होती है।
आध्यात्मिक उन्नति : मां कूष्मांडा की पूजा से भक्तों को आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है और आत्मबल बढ़ता है।

## मोनिका डागा

### देवी दुर्गा भवानी

कविता



देवी दुर्गा भवानी मात तारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा,
ये जीवन तुझपे दाती वारा, बहा दे जीवन में अमृत धारा।
समय चलता है चाल, माया का ये जाल,
कोई पूछे न हाल, कष्ट अति भारी विशाल,
मायानगरी में दु :खों से हारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहाराङ्ग
अंबा तू है दयाल, रखें सब का ख्याल,
पहने मुंडो की माल, संकटों को देती टाल,
तूने भक्तों को भव से तारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहाराङ्ग
दुर्गा तू है कृपाल, हम भवानी तेरे लाल,
न हो बांका बाल, आनंद होगा मालामाल,
मैं हूँ तेरा सेवक भगवती प्यारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा
तू दुष्टों की है काल, काली चण्डिका विकराल,
ओढ़े चुनरी लाल लाल, मांग टीका सोहे भाल,
लगा दे मेरी नैया को किनारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा
देवी दुर्गा भवानी मात तारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा,
ये जीवन तुझपे दाती वारा, बहा दे जीवन में अमृत धारा।

# संवाद से समाधान तक: लेह-लद्दाख में हिंसा का सबक

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक एवं विध्वंसक होना, विरोध प्रदर्शन, पुलिस के साथ झड़प और आगजनी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ चिन्ताजनक है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और उन्होंने लेह में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आग लगा दी और उसके बाहर खड़े वाहनों को फूंक दिया। आमतौर पर बेहद शांत रहने वाले लद्दाख के लिए यह बहुत बड़ी घटना है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दो सप्ताह से अनशन पर थे, उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी अनशनरत थे, जिनकी तबीयत बिगड़ने से जन-आक्रोश एवं हिंसा भड़की। इस हिंसा ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर यह घटना वहाँ की जनता के असंतोष और बेचैनी को उजागर करती है, वहीं दूसरी ओर यह संकेत देती है कि लंबे समय से किए जा रहे वादे और आश्वासन क्यों अधूरे रह गए और क्यों स्थानीय लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं?

सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था। तब सरकार ने वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। लोगों ने सोचा था कि अब उनकी पहचान, संस्कृति और स्थानीय अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे। लेकिन इसके विपरीत उनकी आशंकाएँ बढ़ीं। उन्हें लगा कि संघ शासित प्रदेश के रूप में दिल्ली से संचालित प्रशासन स्थानीय जरूरतों और आकांक्षाओं को समझने और पूरा करने में असफल हो रहा है। इसी कारण 6 साल बाद लोगों का भरोसा और सब्र डगमगाने लगा। इसी के चलते सोनम वांगचुक को अहिंसक आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा, जो कतिपय कारणों से हिंसक हो गया। हालांकि, हिंसा के बाद वांगचुक ने अपना अनशन त्याग कर आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की हिंसा से शांतिपूर्ण आंदोलन का मेरा संदेश आज विफल हो गया। अगर युवा गलत रास्ते पर जाएंगे, तो इससे हमारे वास्तविक उद्देश्य गुम हो जायेंगे। वाकई, लद्दाख के संयमी समाज को सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है। सरकार से मतभेद होने पर भी उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। उनके समर्थन में खड़े युवाओं को इसे समझना चाहिए। हिंसा से समस्या जटिल हो जाएगी। लद्दाख की जो भौगोलिक स्थिति है, उसे देखते हुए वहां के



लोगों को कानून-व्यवस्था के प्रति विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। लद्दाख का केंद्रशासित प्रदेश बनना एक नये सूरज का उदय होना है और इसका वहां के लोगों ने स्वागत भी किया था। इस क्षेत्र को कश्मीर घाटी के वर्चस्व से मुक्ति मिली थी, पर वहां के लोगों की महत्वाकांक्षा को राजनीति रंग देकर एवं संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के अंधेरों में धकेल कर इसके वास्तविक उद्देश्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा की गई है।

हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। मीडिया माध्यमों से कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी 6 अक्टूबर, 2025 को एक वार्ता का दौर निर्धारित था, जिसमें लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के सदस्य शामिल होने वाले हैं। जब बातचीत होने ही वाली है, तो ऐसे विरोध प्रदर्शन की क्या जरूरत थी? लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनमें यह डर है कि अगर शासन उनके हाथ में न रहा तो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होगा। इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है। वास्तव में, यह पूरा आंदोलन राजनीतिक प्रवृत्ति का है। इस प्रदर्शन को साफ तौर पर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। कहा जा रहा है कि ताजा विरोध-प्रदर्शन केन्द्र से बातचीत को अनुकूल दिशा में ले जाने की रणनीति का हिस्सा है। लद्दाख के लोग चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का अधिकार मिले ताकि वे अपने निर्णय स्वयं ले सकें। साथ ही उनकी यह भी माँग है कि उन्हें संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए जिससे उनकी भूमि, संसाधन, परंपराएँ और रोजगार सुरक्षित रहें। रोजगार के अवसरों की कमी और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा ने इस असंतोष को और गहरा किया है। लेह और कारगिल के बीच प्रतिनिधित्व को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। लगातार समितियाँ बनीं, बातचीत हुई, आश्वासन दिए गए, लेकिन जब ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों के भीतर अविश्वास बढ़ा। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है।



ललित गर्ग

आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। लोग यह महसूस करने लगे कि उनकी जान-माल की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। लद्दाख की जनता के भीतर असुरक्षा की भावना इसलिए भी है क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी भूमि और संसाधनों पर बाहरी दखल बढ़ रहा है। स्थानीय प्रशासनिक संस्थाएँ जैसे हिल डेवलपमेंट काउंसिल्स कमजोर कर दी गई हैं और महत्वपूर्ण फैसले केंद्र के हाथ में केंद्रित हो गए हैं। इससे यह भावना गहराती है कि स्थानीय समाज की आवाज को दबाया जा रहा है। जब लंबे समय तक विश्वास और संवाद की कमी बनी रहती है तो जनता के धैर्य का बाँध टूट जाता है। यह सिर्फ राज्य का दर्जा पाने की माँग नहीं है बल्कि यह आत्म-नियंत्रण, पहचान और न्याय पाने की जद्दोजहद है।

लद्दाख की जनता यह चाहती है कि उनके अधिकारों को संवैधानिक गारंटी मिले, उनके संसाधनों की सुरक्षा हो और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि सरकार ने पहले जो आश्वासन दिए थे, उन्हें समयबद्ध और स्पष्ट तरीके से लागू कर दिया जाता तो शायद स्थिति यहाँ तक न पहुँचती। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार संवाद और विश्वास बहाली की दिशा में ठोस कदम उठाए। संवैधानिक गारंटी देकर, स्थानीय प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाकर, रोजगार और शिक्षा की योजनाओं को मजबूती देकर ही इस असंतोष को शांत किया जा सकता है। लद्दाख की जनता को यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके हित सुरक्षित हैं, तभी हिंसा और आक्रोश का माहौल शांति और भरोसे में बदला जा सकेगा। लोगों में यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि फैसलों में लद्दाख के हितों का ख्याल रखा जाएगा। इसका सबसे बेहतर तरीका है पारदर्शिता। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि सरकार के लिए हर मांग मानना और तुरंत मानना संभव नहीं होता।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रामलीला महोत्सव का दसवां दिन बना भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के ऐसे रंगों में डूबा कि हर कोई देर रात तक वहीं थम सा गया। श्रीरामलीला महोत्सव का दसवां दिन अध्यात्म, कला और भक्ति का अनूठा संगम बनकर दर्शकों की आत्मा तक उतर गया। हजारों की भीड़ भक्ति रस में सराबोर होकर ह्लजय श्रीरामह्व के गगनभेदी नारों से वातावरण को गूंजाती रही। सुबह 9 बजे दिन का शुभारंभ हुआ रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से। नटखट बालकृष्ण की माखन चोरी की छवियां, उनकी मासूम अदाएं और सजीव प्रस्तुतियां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी को आनंद और भक्ति में डुबो गईं। बच्चे जहां ठहाकों से झूम उठे, वहीं बुजुर्गों की आंखें आस्था और भावनाओं से नम हो गईं। जैसे ही रात का परदा गिरा, रामलीला मैदान रंगीन रोशनियों, मधुर भजनों और मंत्रोच्चार से जगमगा उठा। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और अद्भुत प्रस्तुतियों की झड़ी लगा दी। निषाद राज से मिलन, केवट संवाद, संत मिलन, चित्रकूट निवास, सुमंत आगमन, श्रवण कथा और दशरथ निधन जैसे प्रसंगों ने दर्शकों की भावनाओं को झकझोर दिया। मंचन के हर दृश्य पर तालियों की गड़गड़ाहट और ह्लजय श्रीरामह्व के नारे गूंजते रहे।त्न कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अजय कुमार अग्रवाल, मनोज गर्ग और सुमेश अग्रवाल का समिति की ओर से पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल (सोनी ताऊ), सुभाष चन्द्र अग्रवाल (ठेकेदार), ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता (ठेकेदार), वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। दसवें दिन की प्रस्तुतियां न केवल दर्शकों को भक्ति और भावनाओं की गहराई में ले गईं, बल्कि आने वाले दिनों के लिए उत्सुकता भी और बढ़ा गईं। निस्संदेह, रामलीला महोत्सव की यह अद्भुत सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा हर दर्शक के जीवन में अविस्मरणीय स्मृतियां जोड़ रही है।

## शिकारपुर में राम बारात निकाली

**शिकारपुर**। श्री राम सेवा समिति द्वारा शिकारपुर के रामलीला मैदान से बैंड बाजा और सुंदर झांकियां के साथ राम बारात निकाली गई। बृहस्पतिवार को रामलीला मैदान से निकाली गई राम बारात खुर्जा बस स्टैंड, बड़ा बाजार, छोटा बाजार, मोती चौक चौराहा, सराफा बाजार, इमली बाजार, जवाहर मंडी, पैंठ और चैनपुरा होकर निकाली जा रही है जो नर्वदेश्वर मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी।

राम बारात की व्यवस्था में रामलीला समिति के अध्यक्ष श्रीकृष्ण सिंघल, श्रीकृष्ण शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम वार्ष्णेय, गगन शर्मा, कपिल देव शर्मा, उमेश गर्ग, सचिन पांडे, पदम जैन, कपिल देव शर्मा, दीपू मित्तल और नीरज मित्तल आदि का सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था।

# ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने गांधी समाधी पर झाड़ू लगाकर इस अभियान की शुरूआत की

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर**। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा हैं जिसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून और ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने गांधी समाधी पर झाड़ू लगाकर इस अभियान की शुरूआत की जिसमें नगर पालिका परिषद का पूरा स्टाफ शामिल रहा।

नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कहा कि स्वच्छता हमारी सबकी जिम्मेदारी हैं और शहर को साफ रखना उतना ही जरूरी हैं जितना अपने घर को साफ रखना। उन्होंने सभी सफाई नायकों को निर्देश दिए कि सभी वार्डों में पुराने और गले डस्टबिन बदल दिए जाए। स्वच्छता अभियान देशभर में चलाया जा रहा हैं जिसमें नागरिकों, समुदायों और संस्थानों को जोड़ा जा रहा हैं यह अभियान 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा जिसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा हैं। इस मौके पर मुख्य सफाई खाध निरीक्षक दिलशाद हुसैन, नगर पालिका अध्यक्ष के स्टेनो अजीमुशान, जलकल के जे.ई मूलचंद पटेल, सफाई खाद्य निरीक्षक अविनाश कुमार, सफाई खाद्य निरीक्षक द्वारका नाथ, सफाई खाद्य निरीक्षक देवेंद्र गौतम आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर की कार्यालय पर एक बैठक हुई



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर**। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर की एक बैठक संगठन के कार्यालय चांदपुर में हुई। मीटिंग में संगठन को मजबूत करने और नये सदस्यों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। और संगठन में एक नये साथी इंतजार अहमद को शामिल किया गया और उन्हें नगर महासचिव बनाया गया।

बैठक में अनिल शर्मा ने सभी पत्रकार साथियो को आश्वस्त किया कि में सभी पत्रकार साथियों के मान सम्मान को गिरने नहीं दूंगा। मीटिंग की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने संचालन जिला महासचिव मोहम्मद अरशद ने किया।

बैठक में अमित शर्मा, नबाब सैफी, इंतजार अहमद, जोगेन्दर सिंह, फैसल शेख, डॉ शौकीन सैफी आदि मौजूद रहे।

# जिला जज और जिलाधिकारी ने केंद्रीय और जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी**:-जिला जज जयप्रकाश तिवारी और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने गुरुवार को केंद्रीय और जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया उन्होंने दोनों कारागार अधीक्षक से जेल की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा निर्देश दियो कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिऐ जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जिला जज और जिलाधिकारी ने कारागार के बैरक में रहने वाले कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की कुछ कैदियों ने अपनी समस्या भी सुनाई जिसका तत्काल समाधान करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए गऐ इसके बाद जेल अस्पताल में गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली उन्होंने अस्पताल के सामान्य वार्ड के मरीजों से बातचीत की कि उन्हें इलाज संबंधी कोई समस्या तो नहीं हैं किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की महिला और अल्पवयस्क बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है।उन्होंने बाल प्रशिक्षण कक्ष और पुस्तकालय का भी अवलोकन किया उन्होंने कारागार में निमार्णाधीन उच्च सुरक्षा कक्ष और पाकशाला के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। केंद्रीय कारागार उन्होंने कैदियों की बैरक, पाकशाला, अस्पताल आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी जिला जज ने दोनों कारागार के अधीक्षको को निर्देशित किया कि बंदियों से संपर्क स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुने और विधिक सहायता द्वारा उनका निराकरण सुनिश्चित करवाएं।

## देवता महाविद्यालय मोरना में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत किया गया पौधारोपण



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर**। देवता महाविद्यालय मोरना बिजनौर में एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत लगभग 45 पौधों का रोपण किया तथा मोरना ग्राम में रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान के चलते महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने अपनी ए. एन.ओ.कैप्टन (डॉ.) सुनीता देवी एवं 9 यू.पी. गर्ल्स बटालियन एनसीसी मुरादाबाद से आए नायक हवलदार जे.पी. पाठक के निर्देशन में पौधों को रोपित किया जिससे वातावरण को संतुलित बनाया जा सके। इस अभियान में ककैडेट लिप्सी चौहान, विशाखा, मनीषा, निशु, सोनी, रश्मि, श्रद्धा, नितिक्षा, काजल, इशा, सामिया और सुप्रिया पाल आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सचिव श्री वीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ. लोकवीर सिंह का सहयोग सराहनीय रहा इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र कुमार डॉ.,अजीत कुमार, डॉ.राशिद खान, डॉ अमित चौहान, डॉ सुमित्रा देवी और डॉ. विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

## पालडीछीना में स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा शिविर का विधायक प्रतिनिधि ने किया शुभारंभ

**बागेश्वर**, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर पालडीछीना में सेवा पर्व के तहत विशेष स्वास्थ शिविर का क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास के प्रतिनिधि भाष्कर दास ने फीता काटकर शुभारंभ किया।स्वास्थ शिविर में क्षेत्र के दर्जनों लोगो ने स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर स्वास्थ परीक्षण कर अपना इलाज कराया। शिविरों के माध्यम से लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। साथ ही मरीजो को निशुल्क दवाईयो का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान क्षेपं सदस्य औ? स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत ने स्वास्थ केंद्र में कार्यरत फार्मेसिस्ट विक्रम वर्मा की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा केंद्र में आने वाले मरीजों को उचित चिकित्सा सेवा देने और उनके कुशल मित्रवत व्यवहार की सराहना की।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस के पर रूट्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेस ने भव्य रैली निकाली






**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर** : विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर रूट्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेस ने बिजनौर शहर में एक भव्य रैली का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ उपजिलाधिकारी रितु रानी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस मौके पर रूट्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन शान्तनु गुप्ता, एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर डॉ हरबीर सिंह, डी० फार्मा कॉलेज के प्रिंसिपल नादिर खान, प्रधानाचार्य दिनेश त्यागी, खेल इंचार्ज भूपेंद्र सिंह एवम सभी फार्मसी कॉलेजेस का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। रैली में लगभग 200 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। और स्वास्थ्य के प्रति नारे लगाकर जागरूक किया सभी छात्र छात्राएँ विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य सम्बंधी स्लोग्न वाली पट्टिकाएं लिए हुए थे। रैली शास्त्री चौक से शुरू होकर जजी चौक, शक्ति चौक, सिविल लाइन होते हुए नगर पालिका चौक पर संपन्न हुई।

# किसानों को गन्ना खेती की उन्नत तकनीकों, आधुनिक कृषि उपायों से अवगत कराया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर** : डालमिया शुगर मिल बघौली चीनी मिल क्षेत्र से 50 प्रगतिशील किसानों को जनपद बिजनौर की बिंदल शुगर मिल, चाँगीपुर क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों के गन्ने के खेतों के भ्रमण के लिए केन सप्लाई हेड वीरेन्द्र सिंह, राहुल सिंह व अब्दुल मोइन (अधिकारी) लेकर पहुंचे।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ना खेती की उन्नत तकनीकों और आधुनिक कृषि उपायों से अवगत कराना है। भ्रमण के दौरान किसानों को उन्नत गन्ना प्रजातियों की खेती, जैविक खाद के उपयोग की प्रक्रिया सहित अन्य नवीन कृषि पद्धतियों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। किसानों को संबोधित करते हुए बी. एम. पाठक (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक), इन्द्रवीर सिंह (मुख्य गन्ना प्रबंधक), वीरेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे भ्रमण से कृषकों की जानकारी में वृद्धि होती है और उन्हें अपने खेतों में नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि किसान इस अनुभव से लाभान्वित होकर अपने क्षेत्र में आधुनिक गन्ना उत्पादन पद्धतियों को अपनाएंगे तथा अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई कर अधिक उपज का लाभ प्राप्त करेंगे।

# शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उ०प्र० के आह्वान पर संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मडल मंडल को सौंपा गया आठ सूत्रीय माँग पत्र





**(संतोष कुमार सिंह)**

वाराणसी :- शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर मुख्यमन्त्री (उत्तर प्रदेश सरकार) एवं महानिदेशक (स्कूल शिक्षा) उत्तर प्रदेश लखनऊ को सम्बोधित ज्ञापन एवं आठ सूत्रीय माँग पत्र संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मडल वाराणसी को सौंपा गया ` संगठन के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने एक साथ मिलकर तीन बजे संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मडल वाराणसी कार्यालय पर उपस्थित अपनी माँगों से सम्बन्धित ज्ञापन दियो इसमें प्रमुख रूप से संरक्षक मनोहर लाल,प्रदेश सह संयोजक महावीर प्रसाद श्रीवास्तव,जिलाध्यक्ष संजीव कुमार श्रीवास्तव,राजेश कुमार श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष / संयोजक,प्रीतम सिंह मण्डल सहसंयोजक / सचिव वाराणसी, मण्डल,उपाध्यक्ष निखिलेश त्रिपाठी, जिला मंत्री अरूण कुमार सिंह, संजीव पाठक,असलम,संजय कुमार श्रीवास्तव, संजीव पाठक,शिवशंकर यादव, सुधीर कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर यूनाइटेड वेलफेयर फार्मेसिस्ट एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**(संतोष कुमार सिंह)**




**वाराणसी** :- यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन वाराणसी मंडल व प्रगति संकल्प फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितम्बर गुरुवार कों विश्व फार्मासिस्ट दिवस संजय मोटल्स बाबतपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन के साथ बहुत ही धूमधाम से मनाया गया जिसमे में मंडल वाराणसी के औषधि अनुज्ञापन अधिकारी पी सी रस्तोगी,औषधी निरीक्षक जूनाब अली औषधि निरीक्षक चंद्रेश द्विवेदी, औषधि निरीक्षक बृजेश मौर्या,औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय,फॉरेन्सिक फार्मासिस्ट आलोक गुप्ता,जितेंद्र पटेल, जय प्रकाश बेनबंशी आदि लोंगो अपने विचार व्यक्त किये जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला अस्पताल,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,महिला चिकित्सालयों,ब्लड बैंक,महिला डिस्पेंसरी, पोस्टमार्टम,100 शैय्या चिकित्सालय स्वास्थ्य उपकेंद्र डॉटस सेंटर, वार्ड इत्यादि में फार्मासिस्ट के पद सृजित कर फार्मासिस्ट को नियुक्ति देने हेतु सरकार के मंत्रियों सहित मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की रूपरेखा तैयार की गई। शेड्यूल-के को खत्म करने हेतु दवा के क्षेत्र में फार्मेसिस्ट को एकाधिकार दिलाने का प्रयास के लिए काफी जोर दिया गयो फामेर्सी प्रैक्टिस एवं रेगुलेशन एक्ट-दो हजार पंद्रह को उत्तर प्रदेश में लागू करने हेतु प्रयास के लिए सरकार से मिलने की एक टीम गठित की गईं हर वर्ष की तरह इस वर्ष आने वाले तीन माह में डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए इस पर चर्चा की गई और रोकथाम के लिए भी सामूहिक मंच पर चर्चा करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में हर प्रकार की रोकथाम और हर मरीज को दवा पहुंचाने के लिए एक टीम उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में गठन किया गयो भारत के प्रत्येक फार्मासिस्ट पद केंद्र सरकार,राज्य सरकार,संविदा व आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती किए जाने पर डी फार्मा या बी फार्मा दोनों को बराबर नियुक्ति का अधिकार दिया जाऐ कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभय कुमार वर्मा,(राष्ट्रीय सचिव यूडब्लूपीए),अरुण कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष, मुकुंद यादव प्रदेश सचिव,सुनील राय, अरविन्द पटेल,दिनेश सिंह, मनोज, अरिहंत,धर्मेंद्र पटेल,सुरजीत, आलोक उपाध्याय,शीतला प्रसाद,अवनिंद्र, वीरेंदर प्रदीप यादव,शकील मो,विकास राजभर,दीपक,सेवा पटेल चंद्रकांत,स्वराज सहित सैकड़ो फार्मासिस्ट साथी मौजूद रहे।

# फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं : डीएम

## सिद्धार्थनगर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज सभागार में विश्व फार्मासिस्ट दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ होते हैं। मरीजों के इलाज में डॉक्टरों और नर्सों की भूमिका जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही अहम जिम्मेदारी सरकारी अस्पतालों में कार्यरत फार्मासिस्ट भी निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट का दायित्व केवल दवाओं का वितरण करना ही नहीं बल्कि अस्पताल में उपलब्ध औषधियों का वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रबंधन करना भी है। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि मरीजों को सही दवा, सही खुराक और सही समय पर उपलब्ध हो। इसके साथ ही स्टॉक की निगरानी, जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता और उनकी समयबद्ध सप्लाई की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर होती है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में कार्यरत फार्मासिस्ट मरीजों को दवा के संभावित दुष्प्रभाव, परस्पर दवा की प्रतिक्रिया और बचाव के उपायों के बारे में बताते हैं। ग्रामीण और अशिक्षित मरीजों को सरल भाषा में समझाकर वे दवा सेवन की पूरी प्रक्रिया को सहज बनाते हैं। यही नहीं, वे जरूरत पड़ने पर मरीजों को मुफ्त परामर्श भी देते हैं जो उनके मानवीय और संवेदनशील पक्ष को उजागर करता है। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. राजेश मोहन, डॉ. सत्येंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ. सजय गुप्ता, डॉ. विमल द्विवेदी, डॉ. नौशाद, डॉ.सुबाष यादव, डॉ. मोहम्मद अफजल, डॉ. विष्णु, डॉ. नीलम, डॉ. चारु मिश्रा, डॉ सत्येंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ. नीलम, डॉ. सगुफ्ता, डॉ. संजय शर्मा समेत अजय सिंह, पंकज पासवान आदि उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार: महिलाओं को स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता से जोड़ रहा अभियान

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**






**सिद्धार्थनगर।** जनपद में महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के तहत गुरुवार की शाम रिजर्व पुलिस लाइन ग्राउंड में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शीर्षक 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' रखा गया था, जिसमें पचास मोमबत्तियाँ और दीये जलाए गए।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत पुलिस लाइंस ग्राउंड में पचास हजार मोमबत्ती और दीये के साथ प्रज्वलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से अभियान का शुभारंभ किया गया था। मुख्यमंत्री मिशन शक्ति अभियान 5.0 और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। विधायक बांसी जय प्रताप सिंह व श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की ओर से महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं, जिसका लाभ सभी महिलाओं को प्राप्त हो रहा है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने कहा कि अभियान के बारे में जन जागरूकता लाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया, एएसपी प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

## बोनस की घोषणा पर विवाद खड़ा



**लखनऊ।** रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस की घोषणा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। लखनऊ रेलवे के मंडल उपाध्यक्ष हरजिन्दर सिंह का कहना है कि लखनऊ मंडल रेल प्रशासन ने इस वर्ष बोनस की घोषणा 6वें वेतन आयोग स्लैब के आधार पर की है, जबकि देश 7वें वेतन आयोग पर काम कर रहा है। उनका मानना है कि यह लाखों रेलवे कर्मचारियों के साथ अन्याय है।

**बोनस की गणना का मुद्दा:** रेलवे कर्मचारियों को वर्तमान में 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस दिया जाता है। **कर्मचारी संघ की मांग:** यदि 7वें वेतन आयोग के अनुसार बोनस दिया जाए, तो प्रत्येक कर्मचारी को कम से कम 28,208 रुपये का फायदा होगा। **सरकार का फैसला :** केंद्र सरकार ने हाल ही में रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के बोनस की घोषणा की है।

## स्कूली बस और बाइक की टक्कर मे दो घायल

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**गोल्हौरा/सिद्धार्थनगर।** जनपद के गोल्हौरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक स्कूली बस और बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। हादसा पचमोहनी चौराहे के पास हुआ।जामिया इकरा कुल्लियतुल बनातिल कादिरिया निस्वा कॉलेज की बस बच्चों को छोड़कर वापस लौट रही थी। इस दौरान सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। बाइक पर महुआ पाठक गांव के राहुल गौतम (19), उनकी बहन प्रीति गौतम (17) और पेंदानानकार गांव की माधुरी (18) सवार थे। ग्रामीणों की मदद से तीनों को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया। माधुरी का एक पैर बस के पिछले पहिए की चपेट में आने से टूट गया। डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।घायल छात्राएं मऊ गांव स्थित मदर सजबुन्निशां मोहम्मद हनीफ इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा हैं। राहुल उन्हें स्कूल से घर ला रहा था। थानाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बस को पुलिस कस्टडी में ले लिया गया है। किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसएसबी 43वीं वाहिनी ने नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**खुनुवां/सिद्धार्थनगर।** सशस्त्र सीमा बल 43वीं वाहिनी के जवानों द्वारा भारत नेपाल सीमा के खुनुवां चौकी के अन्तर्गत लुचुइयां में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरुवार को किया। शिविर में डॉ0 चन्दन कुमार तालुकदार कमाण्डेण्ट पशु चिकित्सा गोरखपुर एवं यशवन्त कुमार उप कमाण्डेण्ट तथा के0 रनबीर सिंह सहायक कमान्डेन्ट व अन्य-10 बलकर्मियो ने भाग लिया। जिसमें गाव के तरफ से प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि डॉ0 पवन मिश्रा के साथ बहुत से ग्रामीणों ने शिविर में भाग लिया। जिसमें लगभग 55 से 60 ग्रामीणों ने 80 से 85 मवेशियों का निःशुल्क चिकित्सा किया गया। शिविर में उपस्थित लोगो ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसा कार्यक्रम समय समय पर होना चाहिए।

## खुलदौड़ी गांव में पंचायत घर में रखे कमेटी के बर्तन चुराए, प्राथमिकी दर्ज

**बागेश्वर।** जनपद के खुलदौड़ी गांव में पंचायत घर में रखे गांव की कमेटी द्वारा रखे लाखों रूपयों के बर्तन चुरा लिए। मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सामाजिक कार्यकर्ता वासुखेतवाल ने बताया कि उनके गांव में वर्षों से प्रतिवर्ष चंदा जमा करके बर्तन जोड़े जाते रहे हैं। इन बर्तनों में पीतल के लोटे, परात आदि कीमती धातु के बर्तन थे जिन्हें ग्रामीण सामूहिक कार्यक्रमों में इस्तेमाल करते थे। यहां पर लाखों रूप्ये के बर्तन रखे जाते हैं जिनको समारोह में इस्तेमाल करते हैं। इसकी जिम्मेदारी केदार सिंह खेतवाल निभाते हैं तथा सामान को पंचायत घर में रखे जाते हैं। गांव में एक समारोह के लिए जब वर्तन की आवश्यकता हुई तो वे यहां पर बर्तन लेने पहुंचे तो उनको पंचायत घर का ताला टूटा मिला अंदर जाने पर पता चला कि चोरों ने पीतल, तांबे के वर्तन चुरा लिए हैं जिनकी कीमत लगभग एक लाख से अधिक की है। बताया कि चोरों ने एलुमिनियम व स्टील के बर्तनों को नहीं चुराया। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी फेरी वाले ने इस घटना को अंजाम दिया है।

## नीमा ने मनाया दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस




**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** देशभर में मनाए जाने वाले 10 वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जनपद की नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) ने भी इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। जनपद मुख्यालय के आसपास से आए हुए तमाम आयुर्वेद और यूनानी के चिकित्सकों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ के पी पांडेय ने इस अवसर पर आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज आयुर्वेद की तरफ लोगों का रुझान बढ़ रहा है। जहां तक आयुर्वेदिक और यूनानी दवाओं का सवाल है इनमें साइड इफेक्ट की संभावना न के बराबर होती है। लगभग 5000 साल पुरानी यह पद्धति आज काफी लोकप्रिय होती जा रही है और लोग इसका लाभ उठाने का प्रयास भी कर रहे हैं। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के अध्यक्ष डॉ जावेद कमाल ने इस अवसर पर आए हुए सभी चिकित्सकों और स्टाफ को धन्यवाद दिया उन्होंने बताया कि दरअसल आयुर्वेद और यूनानी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों ने दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर एक दूसरे को बधाइयां दी और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। कार्यक्रम का प्रायोजन जनपद में नवागत आयुर्वेद चिकित्सक सौरभ गुप्ता ने अपने चिकित्सालय श्री कृष्ण आयुर्वेर्दिक चिकित्सालय पर किया। इस अवसर पर नीमा के उपाध्यक्ष डॉ कमलेश मिश्रा, सचिव डॉ रफीउद्दीन खान, उपाध्यक्ष डॉ आर एन जायसवाल तथा चिकित्सालय के कर्मी नरसिंह पाल, बबीता, पिंकी,महिमा और आसपास के कुछ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मारपीट कर नगदी छीन कर ले जाने का आरोप, पुलिस जांच मे जुटी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी एक युवक ने कई लोगों पर मारपीट करते हुए हजारों रुपए की नगदी छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी इमरान पुत्र साजिद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह सोमवार की को जनपद बागपत के ग्राम टांडा से पैंतालीस हजार रुपए की नगदी लेकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही पीड़ित गांव खेड़ा कुर्तान के पास पहुंचा तो आरोप है कि बाग के निकट खड़े प्रवेज, आलिम व आसिफ ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ पीड़ित को रोक लिया और लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है की पांचों लोगों ने छीना झपटी करते हुए पीड़ित की जेब में रखी पैंतालीस हजार रुपए की नगदी छीन ली और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## कलस्टर विद्यालय निर्माण के तहत राइका गरुड़ और धैना के लिए धनराशि स्वीकृत

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,गोविन्द मेहता।** बागेश्वर विधायक पार्वती दास की मेहनत और लगातार बजट की मांग करने पर शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने क्लस्टर पद्धति हेतु दो विद्यालयों के निर्माण हेतु बजट को स्वीकृति दी है।विधायक पार्वती दास के प्रतिनिधि गौरव दास ने बताया कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत द्वारा विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर में वित्तीय वर्ष 2025-26 कलस्टर विद्यालय योजनान्तर्गत राजकीय इंटर कॉलेज धैना के निर्माण/मरमम्त कार्य हेतु 86.10 लाख की धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 51.66 लाख व राइका गरुड़ के निर्माण/मरमम्त कार्य हेतु 138.90 लाख की धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 83.34 (तिरासी लाख चौतीस हजार) धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।क्लस्टर विद्यालय योजनांतर्गत धनराशि की स्वीकृति होने पर विधायक पार्वती दास ने समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री पुष्कर धामी व शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त धनराशि से विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा-कक्षो का निर्माण कार्य कर छात्र-छात्राओं को शिक्षण कार्य हेतु उचित व्यवस्था प्राप्त होगी।कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास के लिए वे लगातार पर्यायरत है।

## मृतक अधिवक्ताओं के परिजनों को 5 लाख की सहायता राशि: हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा पहल



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आज एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहल करते हुए उन अधिवक्ताओं के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहयोग राशि वितरित की गई, जिनका विगत वर्षों में आकस्मिक निधन हो गया था। यह सहायता राशि ‟डेथ क्लेम‟ के रूप में प्रदान की गई।

इस गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन हाई कोर्ट परिसर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता ‟ठइअ अध्यक्ष राकेश पांडे (बबुआ) तथा महासचिव अखिलेश शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कमलेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की समस्त कार्यकारिणी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। विशेष रूप से मौजूद सदस्यों में:बैरिस्टर सिंह (जॉइंट सेक्रेटरी, एडमिनिस्ट्रेशन), शशिकांत द्विवेदी (जॉइंट सेक्रेटरी, लाइब्रेरी), रामेश्वर पांडे (जॉइंट सेक्रेटरी, प्रेस), अंजनी कुमार मिश्रा (कोषाध्यक्ष) गवर्निंग काउंसिल के सदस्यगण कार्यक्रम के दौरान दिवंगत अधिवक्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बार एसोसिएशन हर कठिन समय में अपने सदस्यों एवं उनके परिजनों के साथ खड़ी है।

# क्रेश बैरियर की गुणवत्ता की शिकायतों को लेकर डीएम सख्त

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जनपद में क्रेश बैरियर की गुणवत्ता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों की समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए विभागों को सतर्कता से कार्य करना होगा। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने जनपद के ब्लैक स्पॉट, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के चिन्हीकरण, सड़कों को गड्ढा मुक्त करने तथा प्रवर्तन की कार्यवाही की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को शीघ्रातिशीघ्र सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बैजनाथ ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग की खराब स्थिति को देखते हुए 66 आरसीसी के अधिकारियों को तत्काल सड़क दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

क्रैश बैरियर लगाने के कार्य में गुणवत्ता को लेकर आ रही शिकायतों पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी की देखरेख में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आरटीओ, पुलिस एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिए, जो निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करेगी। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी के विलंब से पहुंचने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की।

बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अमित पटेल ने बताया कि जनपद में वर्तमान में कोई ब्लैक स्पॉट चिन्हित नहीं है। परिवहन विभाग द्वारा अगस्त माह तक ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग एवं अन्य उल्लंघनों में 236 चालान किए गए तथा चार लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। जनपद में वर्तमान में 21 एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। साथ ही, परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी नारायण सिंह नब्याल, अधिशासी अभियंता, संजय पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसीपी राजातालाब ने मिशन शक्ति फेस 5 के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**वेलकम इंडिया**



**राजातालाब।** शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेस 5 नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन सशक्त नारी सशक्त प्रदेश के संदर्भ में मिशन शक्ति केंद्र( महिला सुरक्षा केंद्र )थाना राजातालाब पर गुरुवार को एसीपी अजय कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में नारी शक्ति की ताकत साहस और दृढ़ता को बनाए रखने हेतु विभिन्न गांव से विभिन्न वर्ग के महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा केंद्र थाना राजातालाब पर आमंत्रित किया गया। जहां पर मिशन शक्ति 05 के सहायक नोडल अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रभारी निरीक्षक राजातालाब दयाराम व महिला सुरक्षा केंद्र के टीम उपनिरीक्षक अंकुर कुमार ,महिला उपनिरीक्षक मानसी यादव महिला कांस्टेबल सुषमा पटेल, महिला कांस्टेबल विमला कांस्टेबल जितेंद्र शाह के साथ सभी महिलाओं को महिला सुरक्षा केंद्र के बारे में जानकारी दी गई।

## स्वच्छता अभियान कछवांरोड चौराहे पर श्रमदान स्कूल में वॉल पेंटिंग, 300 कपड़े के थैले बांटे

**वेलकम इंडिया**




**मिजार्मुराद।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, उत्तरी क्षेत्र-3 के वाराणसी उपकेंद्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 का आयोजन किया गया। उपकेंद्र प्रमुख राज कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार की सुबह कछवांरोड बाजार चौराहे पर श्रमदान किया।कार्यक्रम के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को 300 कॉटन बैग और दुकानदारों को 6 डस्टबिन वितरित किए गए। कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रभारी बिनोद कुमार, उप महाप्रबंधक आलोक जायसवाल, मुख्य प्रबंधक आलोक कुमार और प्रबंधक डी के मिश्रा मौजूद रहे।

ठटरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता से जुड़ी वॉल पेंटिंग कराई गई। विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को भी कॉटन बैग वितरित किए गए। यह कार्यक्रम 'एक दिन एक घंटा एक साथ' अभियान के तहत आयोजित किया गया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए बाँके बिहारी के दर्शन

**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी लगभग प्रातः 10 बजे वृन्दावन रोड रेलवे स्टेशन पहुँची। वृन्दावन रोड रेलवे स्टेशन पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी का स्वागत मा० मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी, माननीय महापौर श्री विनोद अग्रवाल जी, लै0 जनरल श्री वी0 हरिहरन (अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 1 कोर मथुरा), महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद श्री नरेश पाल सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, मण्डलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री गगन गोयल, एफ (पी) टीएसी, सीडीआर, 8 टीएसी कैप्टन शिवम मनचंदा, जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्री चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार द्वारा किया गया। वृन्दावन रोड रेलवे स्टेशन से महामहिम राष्ट्रपति



श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी श्री बांके बिहारी जी मंदिर के दर्शन करने हेतु रवाना हुई। महामहिम जी श्री बांके बिहारी जी मंदिर के निकट बनी पार्किंग पहुंची, जहाँ से गोल्फ कार्ट के माध्यम से श्री बांके बिहारी जी मन्दिर को प्रस्थान किया।

श्री बांके बिहारी जी मन्दिर में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने ठा० श्री बांके बिहारी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ने ठॉ० श्री बांके बिहारी जी मन्दिर में चन्दन कोठरी की देहरी पर इत्र सेवा की।

उन्होंने सम्मान कुंज बिहारी अष्टक एवं दीप प्रज्जवलन किया। श्री बांके बिहारी जी के दर्शन के समय दिनेश गोस्वामी, विजय कृष्ण गोस्वामी, गौरव गोस्वामी, फैन्की गोस्वामी, शैलेन्द्र गोस्वामी तथा श्रीवर्धन गोस्वामी उपस्थित रहे। महामहिम जी को गोस्वामियों एवं ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर हाई पावर्ड मैनेजमेन्ट कमेटी वृन्दावन, मथुरा के अध्यक्ष मा० न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद श्री अशोक कुमार जी ने ठाकुर श्री बांके बिहारी जी की आकर्षक स्मृति चिन्ह भेट की।

## खेत पर काम करने गई महिलाओं के साथ दबंगों ने की मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में खेत पर काम कर रही तीन महिलाओं पर गांव के ही कई लोगों ने लाठी डंडा से हमला कर दिया। हमले में तीनों महिला घायल हो गई। पीड़ित महिलाओं ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी महिला जास्मीन पत्नी कालू ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही नूरा का परिवार पीड़िता के परिवार से रंजिश रखता है। मंगलवार को पीड़िता अपनी सास हफीजन व देवरानी गुलफसा के साथ खेत पर कार्य कर रही थी। आप है किसी बीच नूर अपने पुत्र सादिक, शाहिद व तालीब के साथ खेत पर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो आरोप है कि चारों लोगों ने पीड़िता और पीड़िता की सास व देवरानी पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों महिलाएं घायल हो गई?। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते थे फरार हो गए। पीड़िता ने अपना और अपने परिवार की महिलाओं का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में दिनांक 25 सितंबर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 109वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री धर्मपाल सिंह, मा. पशुधन मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार ने भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली को नमन करते हुए, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को नमन किया तथा उनके द्वारा अंत्योदय के द्वारा समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचने वाले महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा कि कृषि एवं पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। अतः हमें पशुपालन को बढ़ावा देते हुए, पशुपालकों को नवीन तकनीकी गांव-गांव तक पहुंच कर उन्हें पशुपालन हेतु प्रेरित करना चाहिए। जिससे हमारे प्रदेश में पशुपालन को बढ़ावा में सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, श्री कमल कौशिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म दीनदयाल धाम, नागला चंद्रभान, फरह, मथुरा में हुआ था। पंडित जी ने हाई स्कूल में जीरो सहयोग प्रारम्भ किया। उन्होंने अन्त्योदय विचारधारा के द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का विचार दिया। उन्होंने बताया की पंडित जी देश को एकात्मक मानववाद विचारधारा दी।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. मित्र ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को याद करते हुए, विश्वविद्यालय का इतिहास एवं कार्यशैली प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें विश्वविद्यालय के 46 छात्रों-छात्राओं, कर्मचारियों तथा संकाय सदस्यों द्वारा रक्तदान किया। इस अवसर पर श्री नरेंद्र शर्मा, क्षेत्र प्रचारक, राष्ट्रीय सेवक संघ सहित विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## काशी इंस्टिट्यूट ऑफ फामेसीं में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



**मिजार्मुराद।** काशी इंस्टिट्यूट ऑफ फामेसीं में गुरुवार को धूमधाम से विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव सरन, सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त, ड्रग, एफडीए, उत्तर प्रदेश शासन रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए फार्मासिस्ट की भूमिका और दवाओं के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा संस्थान परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।संस्थान के अंतिम वर्ष के छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए विभिन्न पुरस्कारों एवं सम्मान से नवाजा गया।इसके साथ ही, संस्थान के विभिन्न क्लबों से जुड़े छात्रों को भी उनके योगदान और रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।फामेसीं संस्थान के निदेशक प्रो. आशुतोष मिश्र एवं डॉ0 ए. के. यादव ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को शुभकामनाएँ दीं। अंत में कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन फामेसीं विभाग के विभागाध्यक्ष सच्चिदानंद पाठक और कुमार आलोक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन विजय प्रताप सिंह द्वारा संचालित किया गया।

## बलदेव के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान पर प्रशिक्षण संपन्न



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/बलदेव।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बलदेव पर आयोजित दिनांक 19 अगस्त से लेकर 25 सितंबर तक बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी आधारित पुस्तकों पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 25 सितंबर को संपन्न हुआ।

पिछले एक माह से अधिक चले इस शिक्षक प्रशिक्षण ज्ञान के महाकुंभ को पांच दिवसीय प्रशिक्षण फेरो में विभाजित कर प्रति फेरा लगभग सौ शिक्षक/शिक्षा मित्रों को शामिल किया गया था। प्रशिक्षण कुल छह फेरो में संपन्न हुआ।इस दौरान ब्लॉक बलदेव के प्राथमिक/संविलित विद्यालयों के लगभग 625 शिक्षक/शिक्षा मित्रों ने इस प्रशिक्षण को प्राप्त किया।

प्रशिक्षण में प्राथमिक स्तर के अध्यापकों को कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विषयों भाषा एवं गणित के शिक्षण के तकनीकी पहलुओं से अवगत करते हुए समझ विकसित की गई। प्राथमिक विद्यालयों में लागू की गई एनसीईआरटी पुस्तकों की विषय वस्तु एवं उनके अभ्यास पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण की समाप्ति पर खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव कौशल कुमार द्वारा सदन में उपस्थित प्रतिभागी शिक्षकों से प्रशिक्षण में दी गई शिक्षण विधियों को अपने विद्यालय की कक्षा कक्ष में लागू करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी विद्यालयों में अब शैक्षिक स्तर लोकल प्राइवेट विद्यालयों को टक्कर देते आगे निकल रहा है एवं विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकों के माध्यम से शिक्षण होने लगा है। अब गांव में अभिभावक सरकारी विद्यालयों में आए सुधार से प्रभावित होकर अपने बच्चो के नामांकन को सरकारी विद्यालयों में करवाने पर गंभीरता से विचार करते हुए नामांकित करवाने में रुचि दिखा रहे है।

प्रशिक्षण टीम में संदर्भदाता के रूप में लक्ष्मण पांडेय, लोकेश शर्मा, डॉ लवली पटेल, योगेंद्र कुमार गौतम एवं भगत सिंह आर्य द्वारा विभिन्न सत्रों का आयोजन कर प्राथमिक स्तर की गणित एवं भाषा की शिक्षण विधियों को विस्तार से समझते हुए विद्यालयों में लागू एनसीईआरटी पुस्तकों द्वारा शिक्षण की बेहतर समझ विकसित की गई।

## अडिंग में निकाली गई अग्रसेन महाराज की भव्य शोभायात्रा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/अड़ींग।** जनपद के थाना गोवर्धन अंतर्गत गांव अड़ीग में महाराज अग्रसेन जयंती का भव्य आयोजन किया गया गांव में अग्रवाल धर्मशाला से अग्रसेन महाराज की जयंती का प्रारंभ किया गया जिसको मैन बाजार अडिंग से होली तक होते हुए ठाकुर मौहल्ला तकिया मौहल्ला तलैया मौहल्ला से अग्रवाल धर्मशाला पर समापन किया गया अग्रसेन महाराज की जयंती में विष्णु लक्ष्मी शिव परिवार खाटू श्याम राम दरबार राधा कृष्ण व काली की झांकियां मनमोहक प्रतीत हो रही थी झाकियों को देखकर व राजकुमारों को देखकर लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा था प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल समाज द्वारा अड़ींग में अग्रसेन महाराज की जयंती का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं जयंती का गांव वालों ने जगह-जगह स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत घर अडिंग पर प्रधान प्रतिनिधि द्वारा स्वागत किया गया वहीं सत्य प्रकाश गर्ग द्वारा कमेटी के पदाधिकारीयों व युवराजो गणमान्य लोगों के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर पटका पहनाकर स्वागत किया गया इसी श्रृंखला में अग्रवाल बिल्डिंग मटेरियल व जयदीप ग्रुप (मथुरा) के लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल व दीपक अग्रवाल द्वारा सेहरा पाईसा में जयंती का स्वागत किया गया जिसमें राजकुमार व पदाधिकारीयों के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किए गए वही माला व दुपट्टा पहना कर जयंती का स्वागत किया गया जयंती के लिए कोल्ड ड्रिंक नाश्ता आदि की व्यवस्था भी की गई।प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली इस अग्रसेन महाराज की जयंती में मुख्य रूप से संरक्षक भगवान दास गर्ग, कोषाध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल, अध्यक्ष कन्हैयालाल मित्तल, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल ज्वेलर्स, मंत्री मोहित बंसल, महामंत्री अवनीश मित्तल, राजू अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सौरभ बंसल, कपिल सेठ मनोज अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल व अमन अग्रवाल प्रमुख रहे।

## भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के नेता किए हाउस अरेस्ट



**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के संस्थापक/ प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस जाट को राष्ट्रपति द्रोपदीमुर्मू को ज्ञापन देने की घोषणा करने पर गुरुवार को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। सिहोरा निवासी भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने बताया कि मथुरा में पधारी दर्शन के लिए पधारी राष्ट्रपति को बाढ़ पीड़ितों एवं किसान हितों की मांग को लेकर ज्ञापन देना चाहते थे। लेकिन पुलिस प्रशासन उनको एक दिन पूर्व ही हाउस अरेस्ट कर लिया। अब वह जल्द ही वह बाढ़ पीड़ित किसानों की मुआवजा एवं खाद की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

## मिशन शक्ति 5.0 का आगाज छात्राओं को किया जागरूक



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** महिलाओं, छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाली मिशन शक्ति 5.0 योजना का आगाज कस्बा एलम से हुआ। गुरुवार को इंटर कॉलेज में थाना कांधला की वूमेन टीम ने थाना प्रभारी सतीश कुमार के नेतृत्व में छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 सहित तमाम हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के बाद छात्राओं ने वूमेन टीम के साथ कस्बे में एक जागरूकता रैली भी निकाली और लोगों को महिला सुरक्षा के प्रति संदेश दिया।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव का कवि सम्मेलन के साथ समापन



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बा के बरसाना रोड स्थित होटल चंद्रा गार्डन में पांच दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के समापन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन के चित्रपट के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर शुरूआत की। पांच दिवसीय महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले बच्चों को दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें घनश्याम अग्रवाल उर्फ बांचे लाला और चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने कवियों को दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अग्रसेन शोभायात्रा में राजकुमार बनने वालों बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वनविहारी भारद्वाज, गिरधारी सेठ, विनोद अग्रवाल, गजेन्द्र अग्रवाल, पवन मित्तल, रामकुमार मामा, राजेन्द्र अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, हरेकृष्ण गोयल, अंकित सिंघल आदि थे।

## भाजपा किठौर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



**किठौर(जाकिर तुर्क)।** प्रधानमंत्री सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत गुरुवार को किठौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नहर के पास स्थित 50 शैय्या अस्पताल में लगे इस शिविर में भाजपा कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया।शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अशोक त्यागी ने किया। संचालन मंडल अध्यक्ष अनुज नागर और महामंत्री विक्रांत त्यागी ने किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश त्यागी, संदीप त्यागी, नंदू वाल्मीकि, बिलाल अहमद, जावेद खान, मतीन मुखिया, कैपी अधाना, गंगा व प्रकाश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।मंडल अध्यक्ष अनुज नागर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान समाजसेवा का प्रतीक है। रक्तदान जैसे कार्य मरीजों की जिंदगी बचाने में अहम साबित होते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ऐसे और भी कार्यक्रम होते रहेगे।

## राजाभैया और उनकी पत्नी भानवी के विवाद मे पुत्र शिवराज सोशल मीडिया के माध्यम से एन्ट्री

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** भदरी रियासत के राजकुमार तथा यू पी की राजनीति जे कद्दावर नेता कुडा विधायक का उनकी पत्नी से विवाद मे गम्भूर मोड पर है। हाल ही मे भानवी सुह ने हथियारों के जखीरे की फोटो सोशल मीडुया पर साझा कर कहा कि ये सभी अवैध हथियार राजाभैया के है। जिस विषय मे भानवी सिह ने प्रधानमंत्री मोदी और यू पी सी रम योगी जी से दखल देने की माग की है। जिसमे अब सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से राजा भैया के ओउत्र शिवराज सिह ने एन्ट्री करते हुए अपनी मा को कटघरे मे खडा करने का प्रयास किया है।

भानवी सिह के आरोप और शिकायतो पर पोस्ट पर राजा भैया ने कभी कोई बयान नहीं दिया लेकिन चचेरे भाई एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह जरूर पलटवार करते रहे। अब राजा भैया और भानवी सिंह के बेटे शिवराज प्रताप सिंह ने अपनी ही मां के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भानवी के वीडियो-फोटो से किए गए हमलों का जवाब बेटे शिवराज ने वीडियो और फोटो से ही दिया है। मां-बेटे में वार-पलटवार दूध के कर्ज, पूत-कपूत और 'जूतेबाज' मां तक पहुंच गई है।

दरअसल कुछ समय पहले भानवी सिंह ने राजा भैया की शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय में जाकर की थी। इस पर गृह मंत्रालय ने यूपी सरकार से रिपोर्ट मांगी। कोई एक्शन नहीं होने पर भानवी सिंह ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर मोर्चा खोल दिया। घर के अंदर बनाए गए वीडियो सोशल





मीडिया पर डालते हुए राजा भैया पर कई संगीन आरोप लगा दिए। राजा भैया के खिलाफ इस तरह से वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही उनका बेटा शिवराज प्रताप सिंह पहली बार खुलकर सामने आ गया।

बेटे शिवराज प्रताप सिंह ने मां के आरोपों का सिलसिलेवार जवाब देने के साथ ही कई आरोप भी लगा दिए। कहा कि सभी लोग मां को रोक रहे थे इसके बाद भी उन्होंने घर छोड़ दिया। हमारे बाबा, आजी और परिवार के अन्य वरिष्ठ जनों ने भी कई प्रयास किया लेकिन हमारी मां ने किसी की बात नहीं सुनी। कोर्ट में उन्होंने कहीं 50 करोड़ रुपये तो कहीं उसके ऊपर से 100 करोड़ रुपये एक मुश्त मांगा है। इसके साथ ही 25 लाख रुपए प्रति माह अलग से मांग रही हैं।

अचानक बेटे की तरफ से हुए इस हमले से भानवी तिलमिला गईं। राजा भैया पर पहले से भी गंभीर आरोप लगाते हुए कई नए वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिए। इसके साथ ही बेटे का नाम लिए बगैर ही उसे भी जवाब दिया। भानवी ने कहा कि कुछ लोग मेरे घर छोड़ने की बात कर रहे हैं। मैं यही कहना चाहती हूँ कि मेरा कोई एक ऑडियो है क्या जिसमे मैंने किसी को गोली मारने की धमकी दी हो? लेकिन अभी इसका भी कोई संबंध उस अपराध से नहीं है जिसके सबूत मैंने दिए हैं। कहा कि मैंने स्वेच्छा से घर नहीं छोड़ा था, बल्कि अवैध रिश्तों के खिलाफ सच बोलने और प्रतिरोध करने के कारण मुझे गोली फिर से चलाने की धमकी दी गई और हमें घर से बाहर निकाला गया। वजह केवल एक ही थी, जो अब कई तस्वीरों से साफ तौर पर उजागर हो चुकी है। भानवी ने यह भी लिखा कि आज जिनसे (बेटे शिवराज प्रताप सिंह से) ट्वीट कराया जा रहा है उनकी मजबूरी समझती हूँ। कोई सड़क पर नहीं आना चाहता। इसलिए उनसे मुझे कोई शिकवा नहीं।

# सूफियान हत्याकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर सड़क पर उतरेगी सपा : आनंद गुर्जर

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में इसरार के पुत्र सूफियान के अपहरण कर हत्या की घटना को लेकर सपा प्रतिनिधि मंडल ने शिरोधन जाकर पीड़ित परिवार से मिलकर जानकारी ली तथा इसरार के परिवार को सांत्वना देते हुए आनंद गुर्जर ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है तथा हर सम्भव मदद करेंगी और सूफियान अपहरण हत्या कांड में नामित मुख्य आरोपी नीतू बाटा की दो दिन के अंदर गिरफ्तार कर थाना कपूरपुर की पुलिस से मांग की है कि यदि पुलिस ने मुख्य आरोपी नीतू बाटा को दो दिन के अंदर गिरफ्तार नहीं किया तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेगी ! इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी हापुड आनंद गुर्जर के नेतृत्व में जितेंद्र यादव पूर्व एमएलसी ,पूर्व मंत्री भूषण त्यागी, पूर्व विधायक असलम चौधरी, जिला अध्यक्ष बुलंदशहर मतलूब अली , पूर्व जिला अध्यक्ष किशन सिंह तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष तेजपाल प्रमुख , अख्तर मलिक, अय्यूब सिद्दीकी , विधान सभा अध्यक्ष धौलाना ओमेंद्र तोमर , जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड हसीन चौधरी , जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा आश्मोहमद , जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा राजेश यादव, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आदेश गोस्वामी, प्रदेश सचिव इकबाल कुरेशी , जयवीर सिंह तोमर, फारुख प्रधान , शहजाद चौधरी आदि मौजूद रहे ।

## हर हाथ को हुनर, हर युवा को अवसर, यही है आत्मनिर्भर भारत का आधार : नमिता वर्मा

**बरेली।** भारत सरकार ने स्किल डेवलपमेंट को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता का आधार बना दिया है, ताकि युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जा सके और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें। इसके लिए कई योजनाएं और प्लेटफॉर्म शुरू किए गए हैं। इसी के चलते भारत सरकार स्किल डेवलपमेंट संस्थान के आदेश के अनुक्रम में राजकीय महिला पॉलीटेक्निक सीबीगंज बरेली के माध्यम से संचालित योजना कम्युनिटी डेवलपमेंट थ्रो पॉलीटेक्निक (सीडीटीपी) के अन्तर्गत छः माह का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें प्रशिक्षण की योग्यता के अनुरूप अभ्यर्थी अपने आवेदन कर सकते हैं।

# अपर पुलिस महानिदेशक डॉ रामकृष्ण स्वर्णकार ने किया 17वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ




**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के ₹मेरा युवा भारत₹ तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 17वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ आज सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, लखनऊ में हुआ। यह कार्यक्रम 25 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. आर.के. स्वर्णकार रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गृह मंत्रालय के वामपंथी उग्रवाद प्रभाग के उप महानिदेशक योगेश मोहन दीक्षित तथा युवा उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता राघव अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक मेरा युवा भारत अनिल कुमार सिंह ने की। समारोह की शुरूआत स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुई।

इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह ने ₹मेरा युवा भारत₹ एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की ।राघव अग्रवाल ने व्यापार को सामाजिक सरोकार से जोड़ने के महत्व पर बल दिया। मुख्य अतिथि डॉ. आर.के. स्वर्णकार ने प्रतिभागियों से एक-दूसरे की भाषा, संस्कृति और रहन-सहन को सीखने का आह्वान किया तथा स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी , सावित्रीबाई फुले और बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। संचालन उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र लखनऊ विकास कुमार सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला युवा अधिकारी आजमगढ़ संजीव सिंह ने प्रस्तुत किया।

## अनुसूचित जाति के किसानों को वितरित किये स्टोरेज टैंक



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद की ग्राम पंचायत असरा सरावा ,नगोला हैदर नगर बडनोली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली द्वारा स्टोरेज टैंक अनुसूचित जाति के किसानों को वितरण किया गया जिसके नोडल अधिकारी डॉक्टर संदीप लाल जी डॉक्टर मंजूनाथ जी डॉक्टर सशांक शो में गिरधारी लाल जी अश्वनी अरुण कुमार जी सोहनवीर सिंह प्रधान जी एवं समस्त ग्राम प्रधान गानों की उपस्थिति में वितरण किया गया जिससे अनुसूचित जाति के किसानों को निशुल्क अपना बीज को स्टोरेज करने में बहुत लाभ मिलेगा किसान स्टोरेज टैंक पाकर बहुत खुश नजर आए एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के आए हुए सभी साइंटिस्टों का जोरदार स्वागत किया गया एवं उन्हें बधाई दी गई कि आपने हमारे इन गांवो के किसानों को स्टोरेज टैंक देकर आर्थिक मदद की है।

# किसान दिवस पर भाकियू अराजनैतिक के हापुड़ ( जिला अध्यक्ष पवन हूण गुर्जर)

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** जनपद हापुड़ जिलाधिकारी अभिषेक पांडे को ज्ञापन दिया व आईआरपी के अनुराग गोयल को भी प्रेषित किया1.2023-24 में टरबाइन की मरम्मत हुई जिसमें 5 करोड रुपए की लागत आई फिर भी वह आज तक नहीं चली2.2023-24 में 4 नवंबर को गन्ना मिल चली और डेढ़ महीने बाद टरबाइन खराब हो गई करीब 7 लाख कुंतल गन्ना कम पेराई हुई जिसमें किसानों की गेहूं की बुवाई प्रभावित हुई कम रेट पर किसानों ने गन्ना कोल्हू क्रेसरों को दिया।3.2024-25 को फैक्ट्री 5 नवंबर पूरे महीने एक माल चली दूसरी चैन नहीं चलाई थी इसमें 6 लाख कुंतल गन्ने का नुकसान हुआ4.26-9-2025 को करीब 2 लाख कुंतल चीनी मिल गोदामों में ही है यह चीनी नया सत्र चलने से पहले बिक जाए तो किसानों की दिवाली त्योहार अच्छी तरह से हो जाएगा और चीनी में भी नमी आने से बच जाएगी 5.सिंभावली ग्रुप मिल पहले किसानों को प्रेस मेट (खाद्य मैली) फ्री देती थी अब उसे उच्च रेट में बिक्री हो रही है खाद से जमीनी ताकत बढ़ती है और ज्यादा पैदावार होती है आते इस गन्ना किसानों को कम रेट पर दिलाया जाए इस साल मिल समय से चलाई जाए जैसे 25-10-2025 तक चल जाएगी तो मिल को गन्ना ज्यादा मिलेगा और किसानों की गेहूं बुवाई ज्यादा होगी और क्रेशरो पर क्षेत्र का गन्ना नहीं जाएगा।पहले मिल किसानों को अक्टूबर बुवाई पर सरसों का बीज गेहूं का बीज आदि बोनस के रूप में देती थी 0238 गन्ना वैरायटी पर मिल की तरफ से कोई कार्य नहीं हुआ है जिससे किसानों व मिल दोनों को ही नुकसान है इसके मुकाबले कोई अन्य रिकवरी की वैरायटी लाई जाए क्योंकि पहले मिल ही नयी वैरायटी लाते हैं।करण सिंह जब से सिंभावली शुगर मिल आए हैं करीब 14-15 साल से मिल की स्थिति खराब हुई है कोई सुधार नहीं है कर्मचारी व किसानों की बात नहीं सुनते हैं शुगर मिल में करीब इसके 40 रिश्तेदार लेब, शराब फैक्ट्री, अस्पताल, पावर और इंजीनियरिंग में कार्यरत केवल उनका ही कार्य करते हैं जो इस क्षेत्र के कर्मचारी 10-15 साल से कार्यरत है उनकी कोई सुनाई नहीं हो रही है इससे क्षेत्र में रोष है जब से ये आए हैं उनकी संपत्ति ज्यादा है इनकी बेनामी संपत्ति इटावा, कासगंज, लखनऊ आदि में है क्योंकि इस शुगर फैक्ट्री को पर मैनेजर ने ही घाटा दिया है, किसानों ने तो पेमेंट खराब होने के कारण भी गन्ना दिया है, की कभी तो गन्ना फैक्ट्री की हालत सुधरेगी, किस मिल हित चाहते जिसमें फैक्ट्री आबाद रहे, और किसानों का गन्ना पिलता रहे।जब से करण सिंह फैक्ट्री में है तब से स्क्रैप का ठेका एक ही आदमी पर है।साथ में अनिल हूण, रवि भाटी, राधेलाल त्यागी, मोनू त्यागी, एलपी तोमर, राजवीर भाटी जी आदि।

## जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे कार्यक्रम का उद्धघाटन




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप के माननीय मैनेजमेंट डॉ आयुष सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर, सचिव डॉ रोहन सिंघल, डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर डॉ सुभाष गौतम, चीफ गेस्ट डिस्ट्रिक्ट हापुड़ ड्रग इंस्पेक्टर हरमेन्द्र चौधरी, चीफ फार्मासिस्ट नीरज सैनी, चीफ फार्मासिस्ट जी पी गौतम, जेएमएस इंस्टिट्यूट के प्राचार्य डॉ धीरज कुमार, फामेर्सी कॉलेज के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर धनञ्जय तोमर आदि ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जेएमएस ऑफ इंस्टीट्यूशंस के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ सुभाष गौतम ने बताया की सभी प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओ ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया। डिस्ट्रिक्ट हापुड़ ड्रग इंस्पेक्टर श्री हरमेन्द्र चौधरी, चीफ फार्मासिस्ट श्री नीरज सैनी, चीफ फार्मासिस्ट श्री जी पी गौतम ने अपने व्याख्यान में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे सेलिब्रेट करने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओ को विषय वस्तु थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट पर गहनता से जानकारी दी।मॉडल प्रस्तुति संयोजन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय-आदित्य भारद्वाज, वंश कश्यप, ऋषभ चौधरी बी.फार्म प्रथम वर्ष रहे।

## डॉ एपीजे अब्दुल कलाम चौक पर चलाई पीएम की स्वच्छता की झाड़ू

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत वार्ड चौक स्वच्छता अभियान नगर पालिका परिषद हापुड़ व डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वैलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम चौक सिकंदर गेट पर सोसाइटी के चेयरमैन व नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मो दानिश कुरेशी द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक किया एवं झाड़ू लगाकर चौराहे को साफ कर ग्रीन बेल्ट पार्कों आदि की कटिंग व गैरह कराई गयी। मो दानिश कुरेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के दिशा निदेर्शानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान जिलाधिकारी हापुड़ अभिषेक पांडे व अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार व अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा के कुशल नेतृत्वो में चलाया जा रहा है, अभियान से जुड़कर इसमें सभी को बढ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि हमारा देश उत्तर प्रदेश और जनपद हापुड़ स्वच्छ एवं सुंदर हो सके।इस मौके पर नगर पालिका परिषद के चीफ आवेश सिह, सेनेटरी इंस्पेक्टर विजयपाल सिंह सफाई नायक सुदेश कुमार, मुकेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण पर निगम की बड़ी कार्रवाई फेमस चाय की दुकान को किया जमींदोज

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने डेलापीर सब्जी मंडी क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की है।निगम की टीम ने इलाके की फेमस पंडित जी चाय वाले की दुकान को जमींदोज कर दिया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायत के बाद की गई है। जानकारी के मुताबिक, शिकायत में बताया गया था कि दुकान नाले के ऊपर अवैध रूप से बनाई गई है, जिससे आसपास जलभराव और आवागमन में दिक्कत हो रही थी।

शिकायत की पुष्टि होने के बाद नगर निगम अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत टीम भेजी। गुरुवार को टीम मौके पर पहुंची और दुकान के बाहर रखे फर्नीचर, टीनशेड व अन्य सामान को हटाकर कब्जा मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान निगम कर्मचारियों और पुलिस बल की मौजूदगी रही, ताकि किसी भी तरह की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह चाय की दुकान लंबे समय से यहां संचालित हो रही थी और मंडी में आने-जाने वालों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बनी हुई थी। हालांकि, नाले के ऊपर निर्माण होने से आए दिन गंदगी और जाम की समस्या बनी रहती थी। नगर निगम अधिकारियों ने बताया है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि अतिक्रमण से बचें और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करें।

# पीएम मोदी के मेरठ आगमन पर तैयारियां तेज रैपिड रेल को दिखा सकते हैं हरी झंडी

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर। 30 सितंबर को रैपिड-रेल और मेट्रो के शुभारंभ के साथ जनसभा की संभावना, शताब्दीनगर व कृषि विवि क्षेत्र पर मंथन।

मेरठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शताब्दीनगर में जनसभा स्थल का अधिकारी निरीक्षण कर रहे हैं। सोमवार को दिल्ली रोड पर सड़कों के गड्ढे भरने के साथ ही मरम्मत का काम तेज कर दिया गया। भैसाली बस अड्डे के पास, टीपी नगर और रुड़की रोड की ओर भी सड़कों की मरम्मत की गई।

प्रधानमंत्री के 30 सितंबर को मेरठ आकर नमो भारत रैपिड ट्रेन को हरी झंडी दिखाने की संभावना है। इसके लिए अधिकारियों को दिल्ली से सूचना दे दी गई है लेकिन अभी कोई कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है।हालांकि अधिकारियों से बातचीत के आधार पर जो जानकारी मिल रही है उसके मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 सितंबर को दिल्ली के सराय काले खां से नमो भारत रैपिड ट्रेन सवार होकर मेरठ आएंगे। यहां नमो भारत रैपिड ट्रेन और मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर पूरे रेल खंड पर आवागमन शुरू कर दिया जाएगा।

ऐसे में दिल्ली के सराय काले खां से मोदीपुरम तक ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री शताब्दीनगर में माधवकुंज के पास जनसभा को भी संबोधित करेंगे। ट्रेन के चलने को लेकर लोगों में भारी उत्साह और उत्सुकता है।

सोशल मीडिया पर नमो भारत और नमो भारत के स्टेशन के फोटो वीडियो लगातार साझा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर दो दिन पहले दिल्ली से आए अफसरों ने पीएम मोदी के कार्यक्रम का जायजा लिया था और तैयारियां परखी थीं। अब अधिकारी भी अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## पीड़ित ने सोने की चैन व रुपये हड़पने का लगाया आरोप, एसएसपी से लगाई गुहार



बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र के ग्रीन पार्क निवासी विशाल ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र सौंपा और गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके परिचितों और सुनार ने मिलकर उसकी 27.160 ग्राम सोने की चैन और रुपये हड़प लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित विशाल ने बताया है कि उसका परिचित जोएब पुत्र सैयद गुलफाम, निवासी सैलानी, और उसका दोस्त राहिल, उसकी सोने की चैन को 11 दिसम्बर 2023 को सुरेन्द्र रस्तोगी, सुनार, बमनपुरी के पास 90,000 रुपये में गिरवी रखवाने ले गए थे। जनवरी 2025 में जब विशाल अपनी चैन लेने गया तो रस्तोगी ने बताया कि जोएब और राहिल पहले ही 90,000 रुपये देकर चैन गलवा चुके हैं। पीड़ित का कहना है कि जब उसने आपत्ति जताई कि चैन उसके नाम से गिरवी रखी गई थी, तो रस्तोगी ने उससे 1,70,000 रुपये लिए और उसी वजन का घटिया सोने का हार थमा दिया। विशाल ने आरोप लगाया कि सुरेन्द्र रस्तोगी, जोएब और राहिल ने मिलकर उसकी चैन और रुपये हड़प लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी। विशाल ने बताया कि उसने पहले थाना बारादरी में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# बाजार में जीएसटी उत्सव, एमएलसी ने दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** नगर के बाजार में जीएसटी उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने व्यापारियों और दुकानदारों के बीच पहुंचकर पत्रक वितरित किए तथा जीएसटी में किए गए बदलावों की विस्तृत जानकारी दी।इ दौरान एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने कह जीएसटी सुधार केवल कर व्यवस्था को आसान बनाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह व्यापार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कदम है। स्वदेशी को अपनाना ही राष्ट्र निर्माण में हमारी सबसे बड़ी भागीदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए फैसले दूरगामी हैं और इनसे व्यापारी वर्ग को लाभ होगा। इस दौरान व्यापारी वर्ग और उपभोक्ताओं ने भी जीएसटी बदलाव को सकारात्मक बताते हुए कहा कि अब कारोबार में और अधिक पारदर्शिता आएगी।

# खीरी विकास समिति और फातिमा फाउंडेशन ने आयोजित किया शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**



**खीरी टाऊन, खीरी।** खीरी विकास समिति एवं फातिमा फाउंडेशन के संयुक्त बैनर तले राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खीरी में शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल रागनी शुक्ला ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में खीरी विकास समिति एवं पत्रकार आमिर रजा 'पम्मी' ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रजा 'पम्मी' ने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। शिक्षा ही मानव को मानव से इंसान बनाती है, और शिक्षा ही वह हथियार है जिससे न सिर्फ जीविको पार्जन्न के रास्ते तैयार होते हैं बल्कि जीवन में आने वाली हर छोटी बड़ी मुसीबत का डटकर सामना करने का भी जज्बा पैदा होता है। कार्यक्रम को फातिमा फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ० नजर अंसारी ने कहा की शिक्षा हमें सकारात्मक नजरिया, चरित्र निर्माण और कुछ नया कर दिखाने का जज्बा पैदा करती है, छात्राएं अपनी बुद्धिमानी और सकारात्मक नजरिए से समाज की दिशा और दशा बदल सकती है।

## बहन ने भाई के लापता होने की थाने पर कराई गुमशुदगी दर्ज

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मिट्टगान निवासी महिला ने अपने भाई के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला मिट्टगान निवासी सायरा पत्नी नसीम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के भाई रिजवान की दिमागी हालत ठीक नहीं है। सोमवार को पीड़िता का भाई घर से बिना बताए संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी पीड़िता के भाई का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर अपने भाई को बरामद कराए जाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है।


# ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में गोरखपुर की कौशल्या देवी से भी संवाद किया पीएम मोदी ने

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** डेढ़ साल पहले एक गांव की भौगोलिक सीमा और चंद हजार रुपयों की आमदनी तक सिमटी कौशल्या देवी की किस्मत सीएम योगी के विजन से चमक गई है। अब उनकी पहचान देशव्यापी होने जा रही है। इसका जरिया बना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में स्थापित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ)। इस एमपीओ से जुड़कर पशुपालक कौशल्या देवी ने महज डेढ़ साल में करीब चौदह लाख रुपये की आमदनी अर्जित कर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख डाली है। उनकी सफलता को जुलाई माह में मुख्यमंत्री से सराहना मिली थी तो गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी सक्सेस स्टोरी सुनी और खूब शाबासी दी। गुरुवार को ग्रेटर



नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखने वाली जिन महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने और उनसे अपनी सफलता की दास्तां सुनाने का अवसर मिला, उनमें गोरखपुर के चौरीचौरा तहसील क्षेत्र की पशुपालक कौशल्या देवी भी शामिल रहीं। कौशल्या, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से स्थापित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन की शेयरहोल्डर हैं। बकौल कौशल्या देवी, पीएम मोदी ने बड़ी सहजता से उनका नाम, पता और कार्य के बारे में पूछा। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई है। उन्होंने एमपीओ से जुड़ने के बाद पशुपालन/दुग्ध संग्रह के काम से मिली आर्थिक कामयाबी का जिक्र करने के साथ बताया कि डेढ़ साल में ही वह करीब 14 लाख रुपये का आय अर्जित कर चुकी हैं। संस्था से जुड़ने से पहले उनके पास मात्र दो पशु थे, इनकी संख्या बढ़कर 14 हो चुकी है। कौशल्या के अनुसार,



एमपीओ ने नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से करीब छह माह पहले उनके घर गोबर गैस यूनिट भी लगवा दिया है। जब से यह यूनिट लगा है, तबसे उन्होंने गैस सिलिंडर नहीं भरवाया है। रसोई का काम अब इसी से हो जा रहा है। इसके पहले कौशल्या देवी को 12 जुलाई को लखनऊ में पशुपालन से जुड़े एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपना अनुभव साझा करने का अवसर मिला था। महिला सशक्तिकरण के लिए श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ का गठन बुंदेलखंड में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हुआ है। इस एमपीओ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी बताते हैं कि क्रियाशीलता के महज डेढ़ साल में गोरखपुर मंडल की 31 हजार महिलाएं इससे जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर चल पड़ी हैं। डेढ़ साल में इस एमपीओ का टर्नओवर 115 करोड़ रुपये का है।

संस्था से जुड़ी महिलाएं प्रतिदिन करीब 65 हजार लीटर दूध का संग्रह करती हैं। अब तक कुल मिलाकर 93 करोड़ रुपये का भुगतान महिला शेयरहोल्डर्स को किया जा चुका है। एमपीओ से जुड़ी 1841 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इस एमपीओ का कार्यक्षेत्र मंडल के चार जिलों गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर है। एमपीओ द्वारा 500 से अधिक मिल्क पूलिंग पॉइंट्स के माध्यम से संग्रहित दूध की आपूर्ति मदर डेयरी को की जाती है। लखपति दीदियों के अलावा एमपीओ से जुड़ी अन्य महिलाएं भी औसतन महिलाओं प्रतिमाह सात से आठ हजार रुपये की आय घर बैठे प्राप्त कर रही हैं। एमपीओ की महिला शेयरहोल्डर को कंपनी की तरफ से पशु आहार और खनिज मिश्रण, पशुओं के थनैला रोग जांच, पशुओं के कृत्रिम गभार्धान पंजीकरण की भी सुविधाएं मिलती हैं। इसके अलावा उन्हें पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर करने और अधिक दूध उत्पादन से जुड़ी जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

## पं0 दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा की जनपदीय संगोष्ठी




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि देश-प्रदेश के विकास के लिए समर्पित पं0 दीनदयाल उपाध्याय ने देश व सर्वांगीण विकास के लिए अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की सेवा एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का जो सपना देखा था, उसे आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार करने में जुटे हैं। भाजपा संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता का भी यह नैतिक दायित्व है कि वे पं0 दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने का संकल्प लें।केंद्रीय राज्यमंत्री, महान विचारक पं0 दीनदयाल उपाध्याय की 101वीं जयंती तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पखवाड़ा के अन्तर्गत आज गुरूवार को यहां एक बैंकट हॉल में आयोजित भाजपा की जनपदीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने की तथा संचालन संगठन के जिला महामंत्री अमित चौधरी ने किया। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्श और सिद्धांत आज भी समाज के समग्र विकास एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम में लोनी के विधायक नंद किशोर गूजर्र, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, सतवीर राघव, गन्ना समिति अध्यक्ष राजन चौधरी, सतेंद्र त्यागी, स्वदेश जैन, जितेंद्र चित्तौड़ा, देवेंद्र चौधरी, अमित चौधरी (कार्यक्रम संयोजक), नगर पंचायत निवाड़ी अध्यक्ष अनिल त्यागी, नवेन्द्र गॉड, राजेंद्र वाल्मीकि, देवेंद्र चौधरी डायमंड, नितिन मित्तल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के अंतर्गत श्रमदान रैली का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साईस एंड कॉमर्स कॉलेज एवं नगर पालिका परिषद मोदीनगर के संयुक्त तत्वाधान मे शासन के आदेशों के अनुक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद विनोद वैशाली तथा नरेंद्र मोहन मिश्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद के निर्देशन तथा कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं लेफि्टनेंट राजीव जांगिड के नेतृत्व में ह्लएक तारीख, एक घंटा, एक साथह्वश्रमदान के अवसर पर श्रमदान रैली का आयोजन किया गया। रैली को कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली को रवाना करने से पूर्व एन सी सी कैडेट एवं छात्रों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा सभी छात्रों को सप्ताह में एक बार श्रमदान करने हेतु प्रेरित करते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया इसके उपरांत श्रमदान रैली राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए बस स्टैंड मोदीनगर पहुँची तथा वहाँ स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा सभी को श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल, कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर नेने सभी से स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 को सफल बनाने एवं अपने परिवेश में स्वच्छता के लिए सभी को जागरूक कर राष्ट्र के विकास में योगदान देने की बात कही। । श्रमदान रैली को सफल बनाने में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद कुमार, एस बी एम टीम कोर्डिनेटर शिवानी कुंडू के अतिरिक्त एस बी एम टीम से आशीष वत्स, दीपांशु सैनी, हिमांशु शर्मा, मोनिस, विपिन, समीर, विजय, एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, लैफ्टिनेंट राजीव जांगिड़, सी टी ओ डॉ विजय शंकर सिंह, हवलदार दीक्षित, कैडेट पुष्कर, श्याम, आयूष, शिवांशु यादव, संदीप, कुणाल, निकुंज आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल बूथ संख्या 289 पर चेयरपर्सन किसान सहकारी समिति सनोज देवी के न्यू लक्ष्मी नगर आवास पर स्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह व डा रितेश सैन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था। उनके पिता रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे और माता धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। दीनदयाल 3 वर्ष के भी नहीं हुए थे, कि उनके पिता का देहांत हो गया और उनके 7 वर्ष की उम्र में मां रामप्यारी का भी निधन हो गया था।

अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आएं, आजीवन संघ के प्रचारक रहे। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना हुई। 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ और दीनदयाल उपाध्याय जी इस दल के महामंत्री बने तथा 1967 तक वे भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे चौधरी ईशम सिंह ने बताया कि अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं, तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है। उनका कहना था कि भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है। कोई भी देश अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सका है। सन् 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए और मात्र 43 दिन बाद ही 10/11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई और इस सूचना से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई।

## मोदी कॉलेज के 6 छात्रों ने शतरंज की मंडल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर परचम लहराया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने विद्यालय के 6 छात्रों द्वारा माध्यमिक विद्यालय शतरंज खेल की मंडल प्रतियोगिता में विद्यालय के 6 छात्रों द्वारा गोल्ड मेडल जीतने पर उनको सम्मानित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल जी ने बताया कि विद्यालय के 7 छात्रों ने शतरंज की मंडल प्रतियोगिता में दिनांक 25 सितंबर को गाजियाबाद के सनातन धर्म इंटर कॉलेज में प्रतिभाग किया था बड़े हर्ष की बात है छात्रों में से 6 छात्रों वंश कक्षा 12 बी 5 आयुष कक्षा 12 बी 5, सिद्धांत कक्षा 12 बी 5 शुभम कक्षा 11 बी6 तनिष्क कक्षा 11 बी 6 हदांश कक्षा 9 बी 4 ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश में अपना स्थान बना लिया। इन छात्रों ने विद्यालय के खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह के दिशा निर्देशन में यह जीत हासिल की है।

## 12वीं की छात्रा काजल बनी एक दिन की मोदीनगर कोतवाल, सुनीं जनसमस्याएं, दिए कई सकारात्मक सुझाव

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर पुलिस कार्यो में पारदर्शिता लाने तथा पुलिस व पब्लिक के मध्य रचनात्मक एवं परस्पर सहयोग पूर्ण संबंध स्थापि करने के उद्देश्य से स्थानीय रूकमणि मोदी महिला इंटर कालेज की 12वीं कक्षा की छात्रा कु0 काजल आज गुरूवार को एक दिवसीय मोदीनगर कोतवाल बनीं। उसने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के समक्ष बेखौफ जनसमस्याएं सुनी तथा कई ठोस रचनात्मक व सकारात्मक सुझाव दिए। कु0 काजल ने वर्तमान पुलिसिंग व्यवस्था में आवश्यक सुधार



संबंधी सुझाव भी दिए। कु0 काजल ने कोतवाल की कुर्सी पर बैठकर पुलिस अधिकारियों को सलाह दी कि वे महिला इंटर, डिग्री कालेजों के ईर्द-गिर्द सादी वेशभूषा में महिला अथवा पुलिस कर्मियों की तैनाती होनी चाहिए। कालेजों के निकट घूमते तथा कथित मंजनूओं को अच्छा सबक सिखा सकें तभी स्कूल, कालेजों में आती-जाती छात्राएं तथा अध्यापिकाएं सुरक्षित माहौल महसूस कर सकेंगी और निर्भय हो निसंकोच पठन-पाठन का कार्य कर सकें। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश शर्मा सहित कई महिला उपनिरीक्षक व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## थाना निवाड़ी में एसआरएम एनसीआर कैंपस की छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाए जा रहे महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत आज थाना निवाड़ी में विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस की बी.टेक द्वितीय वर्ष की छात्रा को एक दिन के लिए थाना प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। छात्रा ने थाना परिसर में पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी जयपाल सिंह रावत ने वंशिका सिंह कार्यवाहक थाना प्रभारी का बुके देकर स्वागत किया और पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने थाना क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मामलों की जानकारी प्राप्त की और महिला सुरक्षा, बालिकाओं की शिक्षा, साइबर अपराध तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर अपनी राय साझा की। थाना प्रभारी की भूमिका निभाते हुए छात्रा ने आगंतुकों की समस्याओं को सुना



और समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर थाना निवाड़ी के पुलिसकर्मियों ने छात्रा का स्वागत किया और उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इस तरह की पहल प्रदान करने के लिए वंशिका सिंह कार्यवाहक थाना प्रभारी ने अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी, एसीपी अमित सक्सेना, थाना प्रभारी जयपाल सिंह रावत एवं एसआरएम दिल्ली एनसीआर केंपस के निर्देशक डॉ संजय विश्वनाथन का आभार प्रकट किया।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूर्ण गुणवत्ता एवं गंभीरता के साथ संचालित करें

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर 25 सितंबर, 2025- जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूर्ण गुणवत्ता एवं गंभीरता के साथ संचालित करें और इस अवसर पर विशेष रूप से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान का संचालन करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट सभागार स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए आगामी 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप प्रदान करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी जी की 156 भी जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में उनके द्वारा प्रातः 9:00 बजे झंडा रोहण किया जाएगा, उसके बाद राष्ट्रीय गान का गायन होगा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर प्रातः 6.15 बजे से 7.15 बजे तक जिला मुख्यालय तथा अन्य प्रमुख स्थानों के समस्त मार्गों पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी, प्रातः 8:00 से 9:00 बजे तक सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी भवनों पर कार्यालयाध्यक्षों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत समस्त कार्यालयों, विद्यालयों में महात्मा गांधी जी व श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा तथा शिक्षण संस्थाओं, स्कूल एवं कॉलेजों में गांधीवादी जीवन का प्रचार तथा उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर गोष्ठियां/वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस अवसर पर पंचायतों एवं सार्वजनिक संस्थानों में गांधी जी के साम्प्रदायिक सदभावना एवं अस्पृश्यता निवारण विषयों पर गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा तथा उसके पश्चात बाल्मिकी बस्ती मौ0 जाटान बिजनौर में दलित बस्तियों की महिलाओं एवं बच्चों का साफ सफाई एवं प्लास्टिक/पालिथिन का प्रयोग न करने के बारे में महिलाओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी एवं वीडियो को निर्देशित किया कि गांधी जयंती के अवसर पर सभी नगर निकाय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान का संचालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए ३मिशन शक्ति३ विशेष अभियान के पांचवे चरण के अंतर्गत जनपद स्तर पर 15 विभागों द्वारा गतिविधियां / कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी विभागीय अधिकारी विभागीय कार्यक्रमों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें।



# ननिहाल से लौट कर भरत को पता चली सच्चाई





**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। श्री रामलीला समिति राजनगर की ओर से चल रही रामलीला में भरत के ननिहाल से लौट कर आने के बाद के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। राम, लक्ष्मण और सीता के वन गमन के पश्चात उनके वियोग में राजा दशरथ के प्राण पखेरू उड़ जाते हैं। उनकी मृत्यु के पश्चात अयोध्या नगरी में चारों ओर हाहाकार मचा हुआ हैं। राजा की मृत्यु के बाद राजकुमार भरत को तत्काल उनकी ननिहाल से बुलाया जाता हैं।

अयोध्या वापस लौटने पर जब भरत को सारी स्थितियों का पता चलता हैं तो वह अपनी माता कैकेयी को काफी खरी खोटी सुनाते हैं। पिता का दाह संस्कार करने के बाद वह

■ **राजा की मृत्यु के बाद राजकुमार भरत को तत्काल उनकी ननिहाल से बुलाया जाता हैं।**

गुरु, मंत्री, तीनों माताओं व अन्य दरबारियों के साथ चित्रकूट के वन में श्री राम से मिलने पहुँचते हैं और वापस अयोध्या लौटने का आग्रह करते हैं। राम द्वारा मना करने पर वह भारी मन से राम जी की चरण पादुका सिर पर धारण करके वापस अयोध्या लौटते हैं। इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, पार्षद प्रवीण चौधरी, राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, राधेश्याम सिंघल, सुभाष शर्मा, महावीर बंसल, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल , अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, जेपी राणा, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती मंजू त्यागी, श्रीमती प्रीति मित्तल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





## राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में 100' तक छात्रवृत्ति और 2.5 करोड़ रुपये तक नकद पुरस्कार

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। विद्यामंदिर क्लासेस (वीएमसी), जो आईआईटी-जेईई (मेन और एडवांस्ड), नीट, बोर्ड परीक्षाओं और ओलंपियाड्स की तैयारी में अग्रणी संस्थान है, ने अपने बहुप्रतीक्षित और प्रतिष्ठित परीक्षा विद्यामंदिर इंटेलेक्ट क्वेस्ट (वीआईक्यू) 2025 की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा 28 सितंबर, 5, 11, 12 और 26 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जाएगी और इसमें कक्षा 5 से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की जाएगी। संस्थापक संदीप मेहता (आईआईटी दिल्ली एलुमनस) ने इस अवसर पर कहा कि वीआईक्यू केवल एक परीक्षा नहीं है, बल्कि यह गंभीर छात्रों के लिए शैक्षणिक सफलता की दिशा में पहला कदम है। इसमें सफल विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति और दो करोड़ पचास लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार प्राप्त होंगे। साथ ही प्रतिभागियों को वर्ष की सबसे कम शैक्षणिक फीस, निःशुल्क ऑफलाइन कक्षाएं, ई-स्टडी मैटेरियल, प्रैक्टिस टेस्ट और मॉक बोर्ड परीक्षाओं का लाभ मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य देशभर के मेधावी छात्रों को सही दिशा, मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी शैक्षणिक क्षमता को सर्वोत्तम रूप में विकसित कर सकें। ऑफलाइन परीक्षा के लिए पंजीकरण करने वाले छात्रों को आकर्षक गुडी बैग्स दिए जाएंगे, जिनमें स्टडी किट्स, वाटर टम्बलर और रिस्टबैंड शामिल होंगे।

## साहित्यिक उपलब्धियों के लिए वैश्य भारती ने किया चित्रा गर्ग का सम्मान

**वेलकम इंडिया**

**दिल्ली**। वैश्य समाज की लोकप्रिय सामाजिक पत्रिका वैश्य भारती की ओर से वैश्य संवाद और सम्मान समारोह का आयोजन दिल्ली में संसद मार्ग स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस कार्यक्रम में वैश्य समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। साहित्य के क्षेत्र में अनुपम योगदान के लिए संस्था की ओर से श्रीमती चित्रा गर्ग को उनकी बहुमुखी प्रतिभा के लिए पटका पहना कर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान




किया गया। इस मौके पर वैश्य भारती के मुख्य संपादक हितेष जिंदल ने बताया गया कि वैश्य भारती के वैश्य संवाद और सम्मान समारोह में देश भर के लोगों ने हिस्सा लिया और साथ ही समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समाज का राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाने वाले समाज के गौरवशाली व्यक्तित्व को राष्ट्रीय वैश्य भारती अवॉर्ड से सम्मानित किया गयो समारोह मे चित्रा गर्ग को उनकी लेखन उपलब्धियों के लिए साहित्य रत्न, विशिष्ट सम्मान दिया गया। उन्होंने बताया कि चित्रा गर्ग की अभी तक विभिन्न विषयों पर 128 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।इस मौके पर शतरंज के क्षेत्र में देश का नाम रौशन करने वाली वंतिका अग्रवाल को भी खेल सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों के अलावा वैश्य समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन के लिए छात्राओं को बनाया गया थानाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में चल रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त गाजियाबाद जे. रविंद्र गौड महोदय के अनुपालन में कमिश्नरेट के समस्त थानों पर आज दिनांकः 25 सितंबर को एक दिन के लिए सभी थानो में एक दिन के लिए एक एक छात्रा को थानाध्यक्ष के पद पर तैनात किया गया









## बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु गतिविधियां प्रदेश स्तर से प्राप्त निदेशों के क्रम में आयोजित

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शिक्षा विभाग में प्रतिदिन बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु गतिविधियां प्रदेश स्तर से प्राप्त निदेशों के क्रम में आयोजित की जा रही हैं।आज दिनांक 25/9/25 को विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बैंक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण के दौरान बच्चों को बैंक कार्यालयों की कार्य-प्रणाली को निकट से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। बैंक कर्मचारियों ने बच्चों को खाता खोलना , पैसे जमा करना , पैसा निकालने ,बैंक ड्राफ्ट बनाना इत्यादि के विषय में जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि किस प्रकार आप




बैंक में नौकरी प्राप्त करने के लिए तैयारी कर सकते हैं । उन्होंने अपने-अपने अनुभवों से छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बच्चों ने कार्यालयों की कार्य प्रणाली, योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक व्यवस्था को समझने का अनूठा अवसर प्राप्त किया। इस शैक्षिक भ्रमण ने न केवल उनके ज्ञान में वृद्धि की बल्कि उनके भीतर नई ऊर्जा, उत्साह और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा का संचार भी किया। बैंक कर्मचारियों ने बच्चों से संवाद करते हुए अपने जीवन की शैक्षिक यात्रा के बारे में प्रेरणादायक बातें साझा कीं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में क्रियान्वयन बैठक

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को बढ़ावा देने हेतु शारदीय नवरात्र के अवसर पर गुरुवार को मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5.0 (फेज-05) का शुभारम्भ किया गया। इसके सफल आयोजन और क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत हुई। बैठक में गृह, महिला एवं बाल विकास, युवा कल्याण, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगर विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,



संस्कृति, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, राजस्व, न्याय, परिवहन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत विशेष और आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में 26, 27 और 30 सितम्बर को जनपद स्तर पर होने वाले मेगा ईवेंट की रूपरेखा साझा की। 26 सितम्बर को प्रत्येक विद्यालय में छात्राओं को एक दिन का शिक्षक बनाया जाएगा, जिससे उन्हें नेतृत्व और जिम्मेदारी का अनुभव प्राप्त हो।27 सितम्बर को जनपद में जहां-जहां श्रीरामलीला का आयोजन होगा, वहां मेहनती, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## क्षय रोग उन्मूलन में निक्षय मित्र बनकर निभाएंगे अहम भूमिका युवा

**वेलकम इंडिया**

**फिरोजाबाद**। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में अब युवा भी सहयोग प्रदान करेंगे। देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अब निक्षय मित्र बनकर टीबी के प्रति लोगों को जागरुक करेंगे। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित हो रहे 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत महात्मा गाँधी बालिका महाविद्यालय में टीबी से संबंधित जागरूकता और निःक्षय मित्र अभियान के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान और राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई । महात्मा गाँधी बालिका महाविद्यालय में




आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. प्रियदर्शिनी उपाध्याय ने अध्यक्षता की और निःक्षय मित्र योजना में नामांकन के बारे में जानकारी दी गई।उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय ने टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत कार्य करने वाले युवाओं व संस्थाओं को ह्यनिक्षय मित्रह्न बनाने का फैसला किया है।निक्षय मित्र के तौर पर वे, टीबी रोगियों को गोद लेने, उनकी मनो-सामाजिक सहायता करने, उपचार के तहत सही तरीके से दवाएं लेने के लिए प्रेरित करेंगे। जिला पीपी समन्वयक मनीष यादव ने उपस्थित छात्राओं को बताया कि एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों और संस्थाओं को टीबी जागरूकता सत्र, प्रशिक्षणों और वेबिनार्स में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके आलावा, सभी एनएसएस इकाइयों में टीबी से संबंधित संदेश, पोस्टर, स्टैंडीज और दूसरे जागरूकता सामग्रियों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा । उन्होंने बताया कि युवा निक्षय मित्र इंफोग्राफि क्स, उत्तरजीवी कहानियाँ और मिथक-तोड़ने वाले संदेशों के माध्यम से टीबी मरीजों व लोगों को जागरुक करेंगे। इसके साथ ही, एनएसएस दिवस, अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस और अन्य प्रमुख आयोजनों के दौरान ह्यनिक्षय शपथह्न समारोह आयोजित भी किए जाएंगे। सभी युवा निक्षय मित्र टीबी सेल्स के साथ समन्वय कर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में समन्वयक डॉ. रफत खान, डॉ. जेबा फारूकी, डॉ. निशा, डॉ. प्रिया सिंह, बलराम सिंह, प्रमोद, प्रवेंद्र व अन्य उपस्थित रहे।इस अभियान के लिए युवा वर्ग को ओरिएंटेशन के माध्यम से बताया जाएगा उन्हें टीबी उन्मूलन में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान के तहत, युवा वर्ग को टीबी के बारे में जागरूक किया जाएगा और उन्हें टीबी उन्मूलन में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कियदि किसी को दो सप्ताह से अधिक से खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, मुंह से खून आना, सीने में दर्द होना, सांस

**Change of Name**

My correct name is Sunil Kumar Sharma. In my son Eishank Sharma's school records, in the column of father's name, it has been wrongly entered as Sunil Sharma. The same may kindly be corrected and my actual name Sunil Kumar Sharma be recorded in place of the incorrect one.